www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.935g
चांदी 106,000kg

2 आखिर अहमदाबाद में क्या गलत हुआ, सही जांच एवं साक्ष्यों से सामने आएगा सच

6 फीट का कोबरा लेकर अस्पताल पहुंचा 04

वर्ष :08 | अंक :354 | मुंबई, रविवार, 15 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 300 से अधिक राइफल और गोला-बारूद बरामद किया

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि खुफिया सूचना पर आधारित एक समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, पांच कार्बाइन, दो एमपी5 बंदूकें, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की छह राइफल, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौल, एक एआर–15 और दो फ्लेयर बंदूक शामिल हैं।

## सीतापुर में शारदा नदी में लखीमपुर के चार किशोर डूबे, दो के शव बरामद

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के एक गांव के रहने वाले चार किशोर शुक्रवार को पड़ोसी सीतापुर जिले में निमार्णाधीन देबर घाट पुल के पास नहाते समय शारदा नदी में डूब गए। एक प्रशासनिक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़कों की पहचान ईशानगर पुलिस थाना क्षेत्र के हसनपुर कटौली गांव निवासी अविनाश (17), उत्कर्ष (16), देवांश (16) और राहुल (13) के रूप में हुई है। खीरी जिले के धौरहरा तहसील के उप ज़िलाधिकारी (एसडीएम) राजेश कुमार स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ बचाव अभियान की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे। एसडीएम कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि अविनाश और उत्कर्ष के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राहुल और देवांश की तलाश की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि दोनों की तलाश के लिए प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) की बाढ़ इकाई के कर्मियों को तैनात किया गया है। चारों किशोर पहले निमार्णाधीन पुल को देखने गए थे और बाद में उन्होंने नदी में नहाने का फैसला किया, जिसके कारण यह दुखद घटना हुई।

# एयर इंडिया विमान का एटीसी से संपर्क टूटा, पायलट का आखिरी संदेश था 'मेडे'

## 275 पहुंची मृतकों की संख्या; 248 डीएनए सैंपल्स लिए गए, 11 शवों की पहचान

प्रेस कॉन्फ्रेंस

▸▸नागरिक उड्डयन मंत्रालय अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहा है जिसमें 270 लोगों की जान चली गई। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अपने संबोधन की शुरूआत जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना जताते हुए की और दुर्घटना को त्रासदी बताया।

एजेंसी




### अहमदाबाद विमान हादसा-170 ताबूत तैयार करने का ऑर्डर

अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एयर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा– अब तक 248 शवों के डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 11 का डीएनए मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि आज एक महिला का शव उनके परिवार को सौंपा गया। शुक्रवार का 8 शव उनके परिजनों को हैंडओवर किया गया था। कुल 9 शव सौंपे जा चुके हैं। 8 घायलों का इलाज चल रहा है, एक की हालत गंभीर है। वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया– केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है।

नयी दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय अहमदाबाद एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहा है जिसमें 270 लोगों की जान चली गई। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अपने संबोधन की शुरूआत जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना जताते हुए की और दुर्घटना को त्रासदी बताया नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा कहते हैं, 12 जून को दोपहर करीब 2 बजे हमें सूचना मिली कि अहमदाबाद से गैटविक लंदन जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हमें तुरंत एटीसी अहमदाबाद के माध्यम से इस बारे में विस्तृत जानकारी मिली। यह एआईसी 171 था और इसमें कुल 242 लोग सवार थे, जिसमें 230 यात्री, 2 पायलट और 10 चालक दल के सदस्य शामिल थे। उन्होंने कहा कि इस विमान ने दोपहर 1:39 बजे उड़ान भरी और कुछ ही सेकंड में करीब 650 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद यह डूबने लगा, यानी इसकी ऊंचाई कम होने लगी। दोपहर 1:39 बजे पायलट ने अहमदाबाद एटीसी को सूचित किया कि यह मई दिवस है, यानी पूरी तरह से आपातकालीन स्थिति है। एटीसी के अनुसार, जब उसने विमान से संपर्क करने की कोशिश की, तो उसे कोई जवाब नहीं मिला। ठीक 1 मिनट बाद यह विमान मेधानीनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो कि 150 फीट की दूरी पर स्थित है।

### टाटा के बाद एयर इंडिया का बड़ा ऐलान

#### विमान हादसे के पीड़ितों को मिलेगी 25 लाख रुपये की राशि

यह अंतरिम सहायता टाटा संस द्वारा पहले से ही दिए गए 1 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के अतिरिक्त है। एयर इंडिया में हम इस त्रासदी से बेहद दुखी हैं। हम पीड़ित परिवारों, प्रियजनों और प्रभावित सभी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। हम उनके दुख को साझा करते हैं और हर संभव तरीके से उनके साथ खड़े हैं। एयर इंडिया ने हाल ही में हुए दुखद हादसे में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की है। एयरलाइन ने कहा कि इस बेहद कठिन समय में प्रभावित परिवारों की देखभाल और सहायता करने के लिए इसकी ग्राउंड टीमें अथक प्रयास कर रही हैं।

# नेता गलत बयानबाजी नहीं करें : अमित शाह

## पचमढ़ी में भाजपा सांसद-विधायकों को नसीहत दी, एक बार गलती हो जाए तो दोबारा न हो

### सांसद जनार्दन मिश्रा बोले- प्रशिक्षण वर्ग एक मंत्र

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा प्रशिक्षण वर्ग से जनप्रतिनिधियों में, कार्यकर्ताओं में गुणात्मक परिवर्तन होता है। इससे पार्टी की रीत, नीत, चाल, चरित्र और चेहरे काफी सुधार होने की गुंजाइश रहती है। ये एक मंत्र है प्रशिक्षण वर्ग। जिस प्रकार रोज मंत्र का जाप किया जाता है। ठीक वैसे ही भाजपा कार्यकर्ताओं को जागृत करने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करती रहती है।

### सत्र के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल नहीं

सभी विधायक–सांसद 13 जून की रात को ही पचमढ़ी पहुंच गए हैं। प्रशिक्षण शिविर में विधायकों–सांसदों को मोबाइल इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। ट्रेनिंग कैम्प में प्रतिभागियों के मोबाइल उनके नाम के स्टिकर लगाकर साइलेंट मोड पर एक जगह रख दिए जाएंगे। ब्रेक के दौरान प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद अपने मोबाइल पर बात कर सकेंगे।

एजेंसी

पचमढ़ी ,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को एमपी के सांसद-विधायकों को गलत बयानबाजी न करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा- एक बार गलती हो जाती है, लेकिन दोबारा न हो। शाह ने ये बातें पचमढ़ी में आयोजित भाजपा सांसद-विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग में कही। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार के सभी मंत्री-विधायक, लोकसभा-राज्यसभा सांसद शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूरे तीन दिन कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण वर्ग में संबोधन के बाद शाह भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं। सांसदों-विधायकों ने किया पौधरोपण इससे पहले पचमढ़ी के कैंट क्षेत्र में कब्रिस्तान के बगल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक एल मुरूगन, दुगार्दास उईके, सावित्री ठाकुर, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने भी विधायकों-सांसदों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। पार्क का नाम अटल वाटिका रखा गया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण वर्ग पार्टी की कार्यपद्धति का एक अंग है। उसी दृष्टि से हम लोग इसमें शामिल हो रहे हैं। तीन दिन तक मंत्रिमंडल के यहां होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक कार्यप्रणाली है। इसके जरिए सरकार के कामकाज चलते रहते हैं। अंतिम दिन सीखेंगे स्पीच स्किल और मोबाइल शिष्टाचार प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन सुबह 7 बजे से 45 मिनट का योग प्रार्थना और खेल का आयोजन होगा। नाश्ते के बाद सांसदों, विधायकों को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वक्तव्य कौशल, सामाजिक और मोबाइल शिष्टाचार सिखाएंगे।



# नीट यूजी 2025 रिजल्ट जारीः टॉप 10 में दिल्ली के तीन स्टूडेंट शामिल, राजधानी के टॉपर बने मृणाल किशोर झा

## दिल्ली के मृणाल किशोर झा चौथा, अविका अग्रवाल 5वां और हर्ष केड़ावत को देश भर में मिला 9वां स्थान

एजेंसी




नई दिल्लीः नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी 2025 का रिजल्ट आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया है. नीट यूजी 2025 की परीक्षा में राजधानी दिल्ली के तीन स्टूडेंट ने टॉप टेन में जगह बनाई है. इसके साथ ही टॉप 100 में 17 स्टूडेंट शामिल हैं. अगर दिल्ली के टॉपर की बात करें तो ऑल इंडिया रैंक में चौथे नंबर पर आने वाले मृणाल किशोर झा दिल्ली के टॉपर हैं. टॉप 10 में जगह बनाने वाले तीन स्टूडेंट में मृणाल किशोर झा को चौथी रैंक, अविका अग्रवाल को पांचवी रैंक और हर्ष केड़ावत को नौवीं रैंक मिली है. इनमें मृणाल के 99.99, अविका के 99.99 और हर्ष केड़ावत के 99.99 परसेंटाइल हैं. तीनों ही लोग जनरल केटेगरी से आते हैं. नीट यूजी में ऑल इंडिया टॉपर इस बार राजस्थान से हैं. राजस्थान के महेश कुमार ने नीट यूजी में टॉप किया है. जबकि सेकंड टॉपर उत्कर्ष अवधिया मध्य प्रदेश से हैं. तीसरा स्थान महाराष्ट्र को मिला है. महाराष्ट्र के क्रशांक जोशी ने नीट यूजी में तीसरी रैंक पाई है. बता दें कि नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 4 मई को किया गया था।

# इजराइली हमले में 138 ईरानियों की मौत

## इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट; इजराइली रक्षा मंत्री की धमकी- मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे

### ईरान ने इजराइल के शहरों पर दागी 150 से अधिक मिसाइलें, दो की मौत, कई घायल

इजराइल ने ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' लॉन्च किया है. इस दौरान इजराइल ने ईरान के कई प्रमुख ठिकानों पर हमले किए. इजराइल ने परमाणु ठिकानों को भी नष्ट करने का दावा किया है. इस दौरान कहा जा रहा है कि कई वैज्ञानिक और सेना के बड़े अफसर मारे गए. इस बीच ईरान ने भी पलटवार किया है. बताया जा रहा है कि ईरान ने इजराइल के शहरों पर 150 से अधिक मिसाइलें दागी. ईरान ने अपने इस जवाबी कार्रवाई का नाम 'ट्रू प्रॉमिस थ्री' नाम दिया है. दोनों देशों के बीच युद्ध तेज होने के बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है. इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौता करने की चेतावनी दी है.



एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव , इजराइल और ईरान के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी है। पिछले दो दिनों में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजराइल ने शुक्रवार रात 10:30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5:30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे। ईरान ने भी शुक्रवार रात इजराइली हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं।

# हर उड़ान से पहले बोइंग 787 की जांच जरूरी, इंजन कंट्रोल और टेक ऑफ का रिव्यू होगा

▸▸यह दुर्घटना, जो उड़ान भरने के तुरंत बाद हुई, में विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास डॉक्टरों के आवास वाली एक आवासीय इमारत से जा टकराया। यह 2011 में इस मॉडल के वाणिज्यिक सेवा में आने के बाद से बोइंग 787 से जुड़ी पहली घातक दुर्घटना है।

एजेंसी



नई दिल्लीः एयर इंडिया ने भारत के विमानन नियामक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के आदेशों के बाद अपने बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के अनिवार्य सुरक्षा निरीक्षण शुरू करने के साथ ही लंबी दूरी के मार्गों पर संभावित देरी की घोषणा की है। यह कदम अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया 787 विमान के भयावह दुर्घटना के मद्देनजर उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप कम से कम 265 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना, जो उड़ान भरने के तुरंत बाद हुई।

# 27 साल बाद दक्षिण अफ्रीका ने हटाया चोकर्स का टैग

## ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीता दूसरा आईसीसी खिताब

डब्ल्यूटीसी 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को हराकर 27 साल बाद अपना दूसरा आईसीसी खिताब जीत लिया है.

एजेंसी




नई दिल्लीः आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने अपने नाम से चोकर्स का टैग हटा दिया है. लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर जीत दर्ज करने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने 27 साल पुराना आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना अब पूरा कर लिया है. अब ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में हराकर 27 साल बाद दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी ट्रॉफी जीत ली है.

### दक्षिण अफ्रीका ने 27 साल का सूखा किया खत्म

दक्षिण अफ्रीका पुरुष टीम ने 3 आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल मैच खेले हैं. अफ्रीकाई टीम ने पहला फाइनल 1998 में खेला और जीत हासिल की. इसके बाद टीम ने दूसरा आईसीसी फाइनल 2024 में खेला और उसे हार मिली. अब अफ्रीका ने 2025 में अपना तीसरा आईसीसी फाइनल खेला और इसे जीत लिया.

### दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी बार जीती आईसीसी ट्रॉफी

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी ट्रॉफी 1998 में जीती थी. उस समय चैंपियंस ट्रॉफी को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था.

# ओडिशा के सुंदरगढ़ में नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी की मौत

▸▸विस्फोट राउरकेला के निकट बलंग गांव के पास सुबह करीब छह बजे तब हुआ, जब सीआरपीएफ और ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान दल (एसओजी) की एक संयुक्त टीम इलाके में तलाश अभियान चला रही थी।

एजेंसी



ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में शनिवार सुबह नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन के एएसआई सत्यबान कुमार सिंह (34) को विस्फोट में बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल राउरकेला के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

आदेश — असम पुलिस को दिये देखते ही गोली मारने के आदेश

# सीएम हो तो हिमंत बिस्व सरमा जैसा हो, धुबरी में गाय का सिर काटने वालों पर हिमंता सख्त

एजेंसी



मुख्यमंत्री ने कहा कि देखते ही गोली मारने का आदेश रात में दिया गया था, क्योंकि एक संगठन बांग्लादेश सीमा से लगे जिले में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा कि नबीन बांग्ला नामक संगठन ने जिले में पोस्टर लगाए हैं जिनमें धुबरी का बांग्लादेश में विलय करने की मांग की गई है।

**नयी दिल्ली।** असम का मुस्लिम बहुल इलाका धुबरी एक बार फिर सुर्खियों में है क्योंकि यहां साम्प्रदायिक तनाव है। हालांकि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कड़े रुख और तगड़े एक्शन के चलते हालात अब काबू में हैं लेकिन मुख्यमंत्री ने जो सवाल उठाया है वह चिंताजनक है कि आखिर वो कौन-सी ताकते हैं जो धुबरी का बांग्लादेश में विलय करवाना चाहती हैं? हम आपको बता दें कि धुबरी से जुड़े विवाद के मामले में अब तक 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से कहा, धुबरी में गो मांस मामले में रातभर में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री के अनुसार सात जून को ईद के दिन धुबरी शहर में स्थित हनुमान मंदिर के सामने गाय का कटा हुआ सिर मिला था। अगले दिन फिर उसी मंदिर के सामने गाय का कटा हुआ सिर दोबारा मिलने के बाद इलाके में झड़पें हुईं। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौ जून को जिला प्रशासन ने धुबरी शहर में निषेधाज्ञा लागू की थी, जिसे अगले दिन कानून-व्यवस्था में सुधार के बाद हटा लिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि देखते ही गोली मारने का आदेश रात में दिया गया था, क्योंकि एक संगठन बांग्लादेश की सीमा से लगे जिले में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा कि नबीन बांग्ला नामक संगठन ने जिले में पोस्टर लगाए हैं जिनमें धुबरी का बांग्लादेश में विलय करने की मांग की गई है। इस बीच, राज्य सरकार ने एक अधिसूचना में बताया कि धुबरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह का तबादला कर दिया गया है और उनकी जगह हैलाकांडी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) लीना डोले को नियुक्त किया गया है। हम आपको बता दें कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा था कि बांग्लादेश की सीमा से लगे धुबरी जिले में रात में देखते ही गोली मारने के आदेश लागू होंगे, क्योंकि एक सांप्रदायिक समूह अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा है, जिसे सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को धुबरी का दौरा किया था। उन्होंने कहा था, मेरे गुवाहाटी पहुंचते ही देखते ही गोली मारने का आदेश जारी कर दिया जाएगा तथा रात में बाहर निकलने वाले या पत्थरबाजी की घटना में संलिप्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को तैनात किया जाएगा और धुबरी में सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# अंकों में हेराफेरी का वादा करने वाले दो ठगों को सीबीआई ने किया गिरफ्तार



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को एजेंसी द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नीट यूजी 2025 उम्मीदवारों और उनके परिवारों को बड़ी रकम के बदले परीक्षा के अंकों में हेरफेर करने का झूठा वादा करके धोखा देने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को एजेंसी द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नीट यूजी 2025 उम्मीदवारों और उनके परिवारों को बड़ी रकम के बदले परीक्षा के अंकों में हेरफेर करने का झूठा वादा करके धोखा देने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने 9 जून को महाराष्ट्र के सोलापुर और नवी मुंबई के रहने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, कथित तौर पर दावा करने के लिए कि उन्हें नीट परीक्षा आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अधिकारियों तक पहुंच है। जांच में नवी मुंबई और पुणे में प्रवेश परामर्श फर्म चलाने वाले आरोपियों और अन्य लोगों के बीच संबंधों का भी पता चला। आरोपियों से बरामद मोबाइल फोन के फोरेंसिक विश्लेषण से उम्मीदवारों के विवरण, रोल नंबर, एडमिट कार्ड, स्कैन की गई ओएमआर शीट और हवाला-आधारित वित्तीय लेनदेन रिकॉर्ड सहित कई महत्वपूर्ण सबूत सामने आए। सीबीआई ने 9 जून, 2025 को सोलापुर के संदीप शाह और नवी मुंबई के सलीम पटेल के साथ-साथ अज्ञात अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के लिए मामला दर्ज किया।

## सम्पादकीय

# एक नया संकट, इजरायल ने कर ही दिया ईरान पर हमला

इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया क्योंकि ईरान इजरायल के अस्तित्व को चुनौती दे रहा था। ईरान कई बार इजरायल को दुनिया के नक्शे से मिटाने की धमकी दे चुका है। अमेरिका भी ईरान को गैर जिम्मेदार बताकर इजरायल का साथ दे रहा है। अंततः इजरायल ईरान पर हमला करके ही माना। उसने आपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के परमाणु एवं सैन्य ठिकानों पर पूरी तैयारी के साथ इतना जोरदार हमला बोला कि वह तत्काल जवाब देने की स्थिति में नहीं रहा। इजरायल ने इस आधार पर ईरान को निशाने पर लिया कि वह उसके अस्तित्व को खुली चुनौती देता है और यदि उसने परमाणु हथियार हासिल कर लिए तो उसके लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। इस आशंका को निराधार नहीं कह सकते। ईरान कई बार कह चुका है कि वह दुनिया के नक्शे से इजरायल का नामोनिशान मिटा देगा। वह परमाणु हथियार बनाने की जिद भी कर रहा है, लेकिन उसकी समस्या यह है कि उसका खुलकर साथ देने वाला कोई नहीं। इस्लामी देश इजरायली हमले की निंदा भले कर रहे हों, पर यह कहना कठिन है कि वे और विशेष रूप से सुन्नी अरब राष्ट्र ईरान को निशाना बनाए जाने से दुखी हैं। वस्तुतः इजरायल और अमेरिका की तरह वे भी नहीं चाहते कि ईरान परमाणु हथियारों से लैस होकर इस्लामी जगत में अपना दबदबा बढ़ाए। कई इस्लामी देश इजरायल के लिए मुसीबत बने हिजबुल्ला, हमास के साथ-साथ यमन के हाउती लड़ाकों को ईरान के खुले समर्थन से प्रसन्न नहीं। सऊदी अरब तो पक्के तौर पर नहीं, क्योंकि यमन के एक बड़े हिस्से पर काबिज हाउती उसके लिए सिरदर्द बने हुए हैं। हाउती इजरायल के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करते रहते हैं। ईरान पश्चिम एशिया में अन्य हथियारबंद इस्लामिक गुटों को भी समर्थन देता है। यही काम कतर भी करता है, पर वह अमेरिका का साथी है। ईरान में इजरायली हमले पर अमेरिका भले ही यह जता रहा हो कि वह इससे चिंतित है, पर सच यही है कि राष्ट्रपति ट्रंप वही चाह रहे थे, जो इजरायल ने किया। वह इसे छिपा भी नहीं रहे। विश्व को युद्ध से मुक्त करने की उनकी बातें दिखावा मात्र हैं। बड़ी-बड़ी बातें करने के बाद भी वह यूक्रेन-रूस युद्ध रोकने में नाकाम हैं। वह ईरान को गैर जिम्मेदार और आतंकी गुटों का साथी बताकर इजरायल का तो साथ दे रहे हैं, लेकिन हद दर्जे के गैर जिम्मेदार, चीन की मदद से परमाणु हथियार हासिल करने और आतंकी संगठनों को पालने-पोसने वाले पाकिस्तान को पुचकारने में लगे हुए हैं। साफ है कि भारत दोहरी नीति पर चल रहे ट्रंप पर भरोसा नहीं कर सकता। इजरायल-ईरान युद्ध ने विश्व शांति के साथ-साथ पश्चिम एशिया और भारत के लिए भी संकट बढ़ा दिया है।

## आज का विचार

दो चीजों की गिनती करना छोड़ दो
खुद का दुःख
दुसरो का सुख
ज़िन्दगी आसान हो जाएगी

भारत संवाद

## राशिफल

**मेष राशि:** मेष वालों का दिन आज बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है इसलिए बेकार की बातों पर ध्यान ना दें. नौकरी पेशा जातकों का काम पर पूरा ध्यान देना आवश्यक होगा. व्यापारियों को योजनाओं से अच्छे परिणाम की प्राप्ति होगी और आपकी आय में वृद्धि होगी.

**वृषभ राशि:** वृषभ राशि वालों का दिन आज अच्छा रहेगा और अपने भीतर सकारात्मकता महसूस करेंगे. आपमें आकर्षण रहेगा, जो परिवार के सदस्यों को बात सुनने के लिए विवश करेगा. कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति मजबूत होगी। आमदनी अच्छी होगी और खर्चे भी हल्के रहेंगे लेकिन आवश्यक कार्यों पर अधिक खर्च हो सकता है.

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि वालों का दिन आज अच्छा रहने वाला है और आप काम पर अच्छे से ध्यान देंगे तो आपके प्रयास रंग लाएंगे. कार्यक्षेत्र में मेहनत सफल होगी और आपके पास धन का आगमन होगा. पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा लेकिन वैवाहिक जीवन में किसी वजह से तनाव बढ़ सकता है.

**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों का दिन आज अच्छा रहने वाला है क्योंकि आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. पुराने समय से चली आ रही परेशानियों से किसी अधिकारी की मदद से मुक्ति मिलेगी. कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास बहुत कुछ कहेगा. कार्यों में सफलता मिलेगी और बॉस भी आपकी तारीफ करेंगे.

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों का दिन आज कई मायनों में अच्छा रहने वाला है. काफी दिनों से चली आ रही पुरानी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। साथ ही कोर्ट कचहरी के मामलों पर अधिक ध्यान देंगे.

**कन्या राशि:** कन्या राशि वालों का दिन आज अनुकूल रहेगा. जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे और उनके साथ मिलकर भविष्य की कुछ बड़ी योजनाओं पर काम करेंगे. लव लाइफ वालों को कुछ निराशा का सामना करना पड़ सकता है. कार्यक्षेत्र में आपकी तेज बुद्धि और समझदारी बहुत काम आएगी.

**तुला राशि:** गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन भागदौड़ भरा रहेगा. आप पर काम का बोझ भी कुछ अधिक रहेगा इसलिए स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें अन्यथा बीमार पड़ने के योग बनेंगे. वैवाहिक जीवन में कड़ा रवैया अपनाना ठीक नहीं है.

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि वालों का दिन आज मध्यम फलदायी रहने वाला है है. बेवजह की बातों छोड़कर अपने काम पर ध्यान देंगे तो फायदे में रहेंगे. लव लाइफ वालों के लिए अच्छा समय रहेगा. सिंगल जातक किसी खास व्यक्ति को कविता लिखकर प्रपोज कर सकते हैं और उन्हें खुश रखने की कोशिश करेंगे.

**धनु राशि:** धनु राशि वाले आज कुछ पुरानी यादें ताजा करेंगे. किसी पुराने मित्रों से बात होगी और मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा. प्रफेशनल और पर्सनल लाइफ में किसी का ज्यादा बातूनी रवैया आपको परेशान कर सकता है.

**मकर राशि:** मकर राशि वालों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा और स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा. कुछ अटके हुए कार्य बन जाने से आपका आत्मविश्वास अच्छा रहेगा। परिवार और काम के बीच संतुलन बनाकर रखेंगे तो सब ठीक हो जाएगा. कारोबार तेज गति से आगे बढ़ेगा और आपको आपकी मेहनत का फल मिलेगा.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि वालों का दिन आज अच्छा रहेगा. धन आगमन का योग बनेगा, जिससे आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी. मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने से आपका मन प्रसन्न रहेगा.

**मीन राशि:** मीन राशि वाले आज कुछ नया करना चाहेंगे. कामकाज को लेकर आपके इरादे सुबह से ही मजबूत रहेंगे और अपने आसपास के लोगों की मदद के लिए तैयार रहेंगे. नौकरी पेशा जातकों की स्थिति आज ठीक रहेगी. व्यापारियों को व्यापार में लाभ मिलेगा. आमदनी अच्छी होने से मन प्रसन्न रहेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# आखिर अहमदाबाद में क्या गलत हुआ, सही जांच एवं साक्ष्यों से सामने आएगा सच

> अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआइ 171 उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों में दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें 242 यात्री थे। इस हादसे में कई लोगों की जान चली गई। मृतकों में भारतीय ब्रिटिश पुर्तगाली और कनाडाई नागरिक शामिल हैं जिससे जांच का दायरा बढ़ गया है।

पा अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआइ 171 टेक आफ होने के चंद सेकंडों में ही धराशायी हो गई। विमान में यात्रियों और चालक दल को मिलाकर कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें से केवल एक ही यात्री बच सका। विमान के रिहायशी इलाके में गिरने के कारण कई और लोग उसकी चपेट में आ गए। हाल के समय में यह सबसे खतरनाक विमान हादसा है। चूंकि मरने वालों में भारत के अलावा, ब्रिटिश, पुर्तगाली और कनाडाई नागरिक भी शामिल हैं, इसलिए जांच-पड़ताल का दायरा व्यापक होने वाला है। यूनाइटेड किंगडम सिविल एविएशन अथारिटी, फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन, यूरोपियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी, ट्रांसपोर्ट कनाडा और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड यानी एनटीएसबी जैसी एजेंसियां इस हादसे की जांच में सक्रिय दिखेंगी। विमान निमार्ता बोइंग, डीजीसीए और एविएशन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की भी इसमें भूमिका रहेगी। चूंकि यह बोइंग के विमान 787-8 ड्रीमलाइनर शृंखला का पहला ऐसा विमान है, जो हवा में हादसे का शिकार हुआ, इसलिए उसकी जांच के निष्कर्ष पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। सरकारी स्वामित्व से अब टाटा समूह के नियंत्रण में आने के बाद एअर इंडिया के किसी विमान के साथ पहली बार ऐसा हादसा हुआ है। लगातार घाटा उठाने, सेवा, गुणवत्ता एवं मानकों के साथ समझौते और कर्मचारी संघों के खराब रवैये के चलते लोग सरकार से निरंतर सवाल करते आ रहे थे कि वह इसे क्यों ढो रही है। इस सबके बावजूद तथ्य यह है कि सरकारी स्वामित्व के दौरान एअर इंडिया किसी हादसे का शिकार नहीं हुई, सिवाय तबके, जब जून 1985 में उसका विमान-कनिष्क वैश्विक आतंकवाद का शिकार बना था। कनाडा से भारत आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट 182 को खालिस्तानी आतंकियों ने बम विस्फोट करके आसमान में ही उड़ा दिया गया था। विमान में विस्फोट के कारण उसमें सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। विमान का मलबा आयरलैंड के समीप अटलांटिक महासागर में गिरा था। उम्मीद यह थी कि निजी स्वामित्व में एअर इंडिया का प्रदर्शन और सुधरेगा, लेकिन हकीकत यह है कि निजी कंपनी बनने के बाद सुरक्षा मानकों के उल्लंघन में एअर इंडिया सबसे ऊपर रही है और उसे डीजीसीए द्वारा लगाया गया वित्तीय हजार्ना भरना पड़ा। यह स्थिति प्रशिक्षण की गुणवत्ता में कमी, चालक दल की दक्षता में अभाव, रखरखाव से जुड़ी लापरवाहियों और लचर गुणवत्ता नियंत्रण के कारण निर्मित हुई। एअर इंडिया के बेड़े में 95 प्रतिशत विमान औसतन 18 से 20 साल पुराने हैं तो देर-सबेर विश्वसनीयता और गुणवत्ता के मोर्चे पर गिरावट के संकेत मिलने ही थे। अहमदाबाद में हमें यही देखने को मिला। सवाल उठ रहे हैं कि क्या इस विमान हादसे की गंभीरता को कम किया जा सकता था? लगता है कि विमान को इंजन से पर्याप्त पावर नहीं मिल पाई, जिससे वह पूरी उड़ान नहीं भर पाया या उड़ान जारी नहीं रख सका। यही पहलू बहुराष्ट्रीय जांचकताओं के लिए मूल मुद्दा होना चाहिए, क्योंकि इंजन मेंटेनेंस, डिजिटल इंजन कंट्रोल सिस्टम से लेकर 600 फीट पर एकाएक पावर सप्लाई खत्म होने की जांच की जाएगी हादसे की पड़ताल के साथ ही जवाबदेही सुनिश्चित किया जाना भी आवश्यक है। अब एअर इंडिया का स्वामित्व सरकारी नहीं, बल्कि टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के पास है। यह प्रबंधन को और जवाबदेह बनाए जाने का एकदम सही समय है। इसमें किसी जुगाड़ वाली कामचलाऊ व्यवस्था के बजाय स्थायी उपायों पर ध्यान दिया जाए। जांच में चाहे जो निष्कर्ष निकलें, उन पर तत्काल अमल करना होगा। इन निष्कर्षों पर विश्व को भी ध्यान देना होगा। यदि रखरखाव से जुड़ी कमियां या लचर मेंटेनेंस ढांचे की गलती सामने आती है तो उसे तत्काल सुधारा जाए। इन कमियों ने कंपनी को अर्से से जकड़ा हुआ है। अगर विमानों का बेड़ा पुराना पड़ रहा है तो उसे बदला जाए। कंपनी नए विमानों की आवक से पहले अपना समूचा तंत्र सुधारे। हमें कई चीजें ठीक करनी होंगी। भारत में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और बेंगलुरु समेत तमाम अन्य एयरपोर्ट की लोकेशन चिंता का विषय है। आपात स्थिति में जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। हर भारतीय हवाई अड्डा आधुनिक शहरीकरण से घिरा हुआ है। उनके आसपास आवासीय अपार्टमेंट, कार्यालय, कालेज, अस्पताल और माल आदि हैं। इसके चलते हवाई अड्डों के आसपास खाली जगह नहीं बची। इमरजेंसी लैंडिग की स्थिति में खाली पड़ी जमीन के चलते विमान तक सहायता पहुंचाने में आसानी होती है। यदि नीची उड़ान में इंजन फेल हो जाए तो पायलट विमान संभाल सकता है और दुर्घटना से बच सकता है। अभी तो ऐसा होने की शून्य संभावना है। देश को अपने सभी हवाई अड्डों की लोकेशन पर पुनर्विचार करना चाहिए। हवाई अड्डों को घनी शहरी बस्तियों से दूर स्थानांतरित करने की योजना बनानी चाहिए। यह एक लंबी, धीमी और कष्टकारी प्रक्रिया होगी, लेकिन इसे करना आवश्यक है। दस नियामकीय संस्थाएं, बोइंग कंपनी और करीब पांच देशों की सरकारों की अहमदाबाद हवाई हादसे पर निगाह होगी। यह हवाई हादसा अहमदाबाद यानी गुजरात के दिल में हुआ है। यह पीएम मोदी का गृह प्रदेश है। मुझे लगता है कि हमें निष्पक्ष, तटस्थ एवं स्वतंत्र जांच और कोर्ट आफ इन्क्वायरी देखने को मिलेगी। दुनिया जानना चाहती है कि अहमदाबाद में एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के साथ क्या गलत हुआ? सही जांच और साक्ष्य ही यह इंगित करने के मुख्य आधार होंगे कि क्या गलत हुआ? जो लोग इस हादसे के लिए जिम्मेदार हों, उन्हें जवाबदेह ठहराने के साथ कानूनी तौर पर कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए, ताकि हम फिर कभी ऐसी तबाही न देखें। विश्व, भारत, एअर इंडिया, हवाई अड्डों और सुरक्षा नियामकों के पास बहुत काम है। उम्मीद है कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी सख्त कदम उठाएंगे और दुनिया के लिए उदाहरण बन सकने वाले मानक स्थापित करेंगे।



# बोइंग विमान हादसा : डरावना ब्लैक थर्सडे, लील गया कई जीवन की सांसे

संजीव ठाकुर

**नमन, श्रद्धांजलि, ॐशांति ॐ।**



बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर विमान के पायलट ने अहमदाबाद के वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ने से 15 सेकंड बाद उड़ते विमान का सबसे खतरनाक संदेश ₹ मेडे-मेडे-मेडे₹ एयर ट्रैफिक कंट्रोल अहमदाबाद एयरपोर्ट को भेजा था और तब ट्रैफिक कंट्रोल के संचालकों को यह मौका भी नहीं मिला कि वे इस फ्रांसीसी शब्द के मतलब विमान को खतरा के संकेत के बाद कोई सुरक्षा व्यवस्था कर पाते, इतनी ही देर में विमान मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में गिरकर आग का गोला बनकर तबाह हो गया और 230 यात्रियों और 12 विमान के क्रू मेंबर सहित काल के गाल में समा गये लेकिन ईश्वर की कृपा से एक यात्री रमेश विश्वास कुमार सकुशल बच गया, यह जीवित व्यक्ति खुद चलते हुए आपातकालीन रक्षक स्क्वाड के पास आया उसे तुरंत चिकित्सीय व्यवस्था करवाई गई, रमेश विश्वास कुमार भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक हैं वे अपने भाई नीरज के साथ परिवारजनों से मिलने भारत आए हुए थे पर ईश्वर की लीला देखिए रमेश विश्वास कुमार तो अब कुशल जीवित हैं पर उनके भाई अब इस दुनिया में नहीं रहे वे विमान हादसे के शिकार हो गए।

इसी तरह जैसा की गुजरात के बीजेपी अध्यक्ष पाटील जी ने इस बात की पुष्टि की है कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस विमान हादसे में दिवंगत हो गए हैं वे अपनी पत्नी को लाने लंदन जा रहे थे। विमान का संचालन पायलट सुमित सभरवाल कर रहे थे जिन्हें 8200 घंटे विमान उड़ाने का दीर्घ अनुभव था साथ में को पायलट ऑफिसर लाइव सुंदर भी थे जिन्हें 1100 घंटे विमान उड़ाने का भी अनुभव प्राप्त था दोनों पायलट इस विमान हादसे में काल-कवलित हो गए। इस विमान में 169 भारतीय 53 ब्रिटिश 7 पुर्तगाली और एक कनाडा का नागरिक भी था इनमें से रमेश विश्वास कुमार के अलावा किसी को यह कल्पना भी नहीं थी कि उनकी जिंदगी की अनमोल सांसें 60 सेकंड में रुक जाएगी और वे सब सब ईश्वर को प्यारे हो जाएंगे। अहमदाबाद एयरपोर्ट का रनवे 23 एक बार फिर चर्चा में आ गया है दुर्घटना अगस्त विमान बोइंग 787 9 ड्रीम लाइनर भी रनवे 23 से उड़कर लंदन जाने वाला था पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना ने 1988 में हुए एक अन्य विमान हादसे की याद दिला दी अहमदाबाद में 1988 के बाद यह दूसरा बड़ा दर्दनाक विमान हादसा है महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों घटनाएं रनवे 23 से ही जुड़ी हुई है। 19 अक्टूबर 1988 को मुंबई से अहमदाबाद आर इंडियन एयरलाइंस का विमान इसी रनवे पर उतरने से पहले हादसे का शिकार हो गया था। इस विमान में 139 यात्री सवार थे जिनमें से 133 यात्रियों की मौत हो गई थी। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन उड़ान भरने वाले विमान ने रनवे 23 से ही उड़ान भरी थी। 1988 की विमान दुर्घटना की जांच में पाया गया था कि विमान पायलटो की गलती के कारण 500 फीट की न्यूनतम ऊंचाई से नीचे आ गया था रिपोर्ट के अनुसार दोनों पायलटो को रनवे देखने में समस्या हुई थी और उन्होंने एयरपोर्ट के पास पहुंचने का प्रयास किया था इसके कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था 12 तारीख गुरुवार के बोइंग 787-8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का हालांकि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय नें इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है पर यह दोनों दुर्घटनाएं रनवे 23 में ही हुई थी। पूर्व पायलट अधिकारियों ने कहा है कि बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर विश्व के सर्वाधिक सुरक्षित एवं सुगम यात्रा करने वाला विमान माना जाता है यह अत्यंत अत्यंत आधुनिक विमान भी था जिसकी फ्यूल कैपेसिटी 126000 लीटर एवियशन फ्यूल की थी और यह एक साथ 12 से 13 घंटे की उड़ान भरने वाला विमान जिसकी गति 900 किलोमीटर प्रति घंटे की थी का इस तरह दुर्घटनाग्रस्त होना और इसके दोनों इंजन अचानक फेल हो जाना एक असंभव सी बात नजर आती है। विमान में एक यात्री को छोड़कर 241 यात्रियों के शरीर काफी जल गए है जिंदगी पहचान करना भी एक बड़ा मुश्किल कार्य प्रशासन के सामने आ गया है इस संदर्भ में गुजरात प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग में अपने बयान में कहा की मारे गए लोगों की पहचान के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। मृतकों की पहचान के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में डीएनए नमूने एकत्रित करने की व्यवस्था की जा रही जिसमें मृतकों के माता-पिता या बच्चे या उनके भाई-बहन अपने डीएनए नमूने दे सकते हैं। जिससे मृतकों की सही-सही पहचान की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट की देखरेख का एवं संचालन का कार्य अडानी ग्रुप करता है एवं एयरलाइंस के विमान टाटा समूह संचालित करता है। इसी तारतम्य में टाटा समूह ने घोषणा की है कि सभी मृतक व्यक्तियों को मुआवजे के तौर पर एक-एक करोड रुपए प्रदान किये जाएगे।

यह बात अत्यंत सत्य है कि ₹जाको राखे साइयां मार सके ना कोय₹ इस कहावत को चरितार्थ करते हुए इस विमान दुर्घटना से जुड़ी महत्वपूर्ण खबर है कि अहमदाबाद विमान हादसे में ट्रैफिक जाम के कारण एक यात्री भूमि चौहान की जान बच गई एक निजी चैनल को इंटरव्यू देते हुए भूमि ने अत्यंत सहमीं हुई आवाज में बताया कि विमान हादसे की खबर सुनने के बाद मेरा शरीर कांप जाता है मैं कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं थी उन्होंने बताया कि ट्रैफिक जाम में फंसने के कारण भूमि 10 मिनट की देरी से सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पहुंची थी जिसके कारण उन्हें अहमदाबाद लंदन की फ्लाइट में चढ़ने की अनुमति नहीं मिली जिससे वे अत्यंत दुखी होकर एग्जिट गेट तक पहुंच गई थी तभी उन्हें पता चला कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उनकी जान बच गई है। अपनी जान बचाने के लिए ईश्वर को बहुत-बहुत आभार प्रेषित किया है भूमि चौहान 2 साल बाद लंदन से भारत में छुट्टियां मनाने आई थी उन्होंने भगवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुझे गणपति बप्पा ने इस बड़े हादसे से बचा लिया है मैं ईश्वर की अत्यंत शुक्रगुजार हूं। उल्लेखनीय है कि बोइंग 787-8 ड्रीम लाइनर की खासियत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और ईंधन बचाने वाले सक्षम विमान में गिनती की जाती है परंतु यह सदैव विवादों के घेरे में रहा है इसमें सुरक्षा बड़ा मुद्दा है इसके अलावा कई बार उत्पादक गुणवत्ता संबंधी खामियों भी सामने आई हैं अहमदाबाद हादसे ने इस पर फिर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। 787 ड्रीमलाइनर परिवार के पहले संस्करण 787-8 को आधिकारिक तौर पर 2004 में लॉन्च किया गया था पहली उड़ान 15 दिसंबर 2009 को भरी थी इसके बाद अक्टूबर 2011 में ऑल निपान एयरवेज के साथ वाणिज्यिक सेवाओं में इसे लॉन्च किया गया था और इसकी उड़ान में 210 से 248 यात्री सफर कर सकते हैं।

# घर को नमी और सीलन से बचाएं

विजय गर्ग

बारिश शुरू होने से पहले करें ये काम, फर्नीचर - दीवारें और छत रहेगी सुरक्षित मानसून में घर को सबसे ज्यादा नुकसान नमी और पानी से होता है। बारिश का पानी दीवारों और छत में रिसकर फफूंदी पैदा कर सकता है। लकड़ी के फर्नीचर, दरवाजे और खिड़कियां भी पानी की वजह से फूल या सड़ सकती हैं। साथ ही कुछ अन्य चीजों को भी नुकसान पहुंचता है। इसे नीचे दिए ग्राफिक से समझिए - मानसून से पहले घर की इन चीजों की कैसे देखभाल कर सकते हैं? मानसून के मौसम में पहले से कुछ तैयारी करना जरूरी है ताकि बारिश के पानी से कोई नुकसान न हो और घर सुरक्षित रहे। इसके लिए सबसे पहले घर के आसपास की नाली को अच्छी तरह से साफ कर लें। इससे पानी का जमाव नहीं होगा। इसके अलावा छत और दीवारों की दरारों को अच्छे से भरवाएं ताकि बारिश का पानी अंदर न आ सके। बाहरी दीवारों पर वाटरप्रूफ पेंट लगवाने से दीवारें नमी से बची रहती हैं। छत पर कबाड़ इकट्ठा न करें क्योंकि इससे पानी का जमाव हो सकता है और बाद में दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। घर के अंदर की नमी को कम करने के लिए मानसून से पहले क्या तैयारियां कर सकते हैं? मानसून के मौसम में घर के अंदर की सही तैयारी करना बहुत जरूरी है, ताकि बारिश और नमी से कोई नुकसान न हो। नीचे दिए ग्राफिक में कुछ आसान टिप्स देखिए- जूतों और गीली चीजों के लिए अलग जगह बनाएं मानसून में घर में गंदगी और नमी बाहर से आने का खतरा ज्यादा रहता है। खासतौर पर जूतों, छतरियों और रेनकोट के जरिए। इस परेशानी से बचने के लिए घर के मुख्य दरवाजे के पास ही एक छोटा सा कॉर्नर बनाएं। वहां एक मजबूत और खुली जूता रैक रखें, जिसमें गीले जूते आराम से रखे जा सकें और वे सूखते भी रहें। साथ ही दीवार पर हुक या स्टैंड लगाकर छतरियों और रेनकोट को टांगने की जगह बनाएं। इसके नीचे एक पोंछा या पानी सोखने वाला मैट बिछा सकते हैं, जिससे टपकता पानी फर्श पर न फैले। फर्श पर बैंबू या रबर मैट का इस्तेमाल करें मानसून में कारपेट या कपड़े वाले मैट जल्दी गीले हो जाते हैं। इससे बदबू और फंगस का खतरा रहता है। इसलिए मानसून में कारपेट की जगह बैंबू या रबर से बने मैट बिछाना ज्यादा बेहतर है। ये न केवल पानी सोखने में मदद करते हैं, बल्कि जल्दी सूख जाते हैं। साथ ही इनकी सफाई भी आसान होती है। इन मैट्स को खासकर एंट्री पॉइंट्स, बाथरूम के बाहर, किचन एरिया और बालकनी में बिछाना चाहिए।

कीटों से बचाव के लिए पेस्ट कंट्रोल जरूरी मानसून में नमी बढ़ने के कारण कीड़े-मकोड़े, तिलचट्टे, चींटियां, दीमक और मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। इसलिए मानसून से पहले ही एक बार प्रोफेशनल पेस्ट कंट्रोल करवाना जरूरी है। इससे कीटों के अंडों और छिपे हुए कीटों को खत्म किया जा सकता है। खासतौर पर रसोई, बाथरूम, स्टोर रूम और घर की दरारों वाले हिस्सों में फोकस करें। ये कीटों के छिपने की सबसे आम जगह होती हैं। अगर आप केमिकल से बचना चाहते हैं तो नीम का तेल, कपूर या लेमनग्रास जैसे नेचुरल रिपेलेंट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। घर में ताजी हवा का आना बहुत जरूरी अगर घर में वेंटिलेशन ठीक न हो तो नमी जमा होने लगती है, जिससे दीवारों पर फफूंदी (ौ४ल्लॅ४२), बदबू आने लगती है। इसलिए जरूरी है कि आप हर दिन कुछ समय के लिए खिड़कियां और दरवाजे खोलें ताकि घर में ताजी हवा और नेचुरल रोशनी आ सके।

इससे न केवल घर का माहौल हल्का और सुखद बनता है, बल्कि बैक्टीरिया और फंगस से भी बचाव होता है। अगर कोई ऐसी जगह है, जहां खिड़कियां नहीं हैं तो एग्जॉस्ट फैन लगवाना या डिह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करना अच्छा विकल्प है।

# चल रही थीं शादी की तैयारियां, छाया मातम, अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारी गई केबिन क्रू रोशनी सोंघारे

**अहमदाबाद विमान दुर्घटना ने रोशनी सोंघारे नामक एक फ्लाइट अटेंडेंट की जान ले ली, जिसने अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की थी। उसकी शादी एक मर्चेंट नेवी अधिकारी से तय थी और परिवार अगले साल होने वाले विवाह की तैयारियों में जुटा था।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : अहमदाबाद प्लेन क्रैश इतिहास का काला दिन बन गया। इस हादसे में कई सपने दफन हो गए। किसी का पूरा परिवार खत्म हो गया तो किसी के बुढापे का सहारा छिन गया। किसी को अंदाजा नहीं था कि लंदन के लिए उड़ान भरने वाली यह फ्लाइट उनके लिए कब्र बन जाएगी। इस प्लेन क्रैश में फ्लाइट अटेंडेंट रोशनी सोंघारे (26) की भी जान चली गई। रोशनी जिसने बड़ी मुश्किलों ने अपने सपने पूरे किए थे। माता-पिता ने भी बेटी के लिए सपने देखे थे। बेटी के लिए सपनों का राजकुमार मिल गया था। उसकी शादी की तैयारियां चल रही थीं लेकिन एक पल में ही सारी खुशियां मातम में बदल गईं।रोशनी सोंघारे के जीवन में कुछ दिनों में एक नया अध्याय जुड़ने वाला था। उसकी शादी मर्चेंट नेवी में एक अधिकारी के साथ तय हो गई थी। सूत्रों की मानें तो उनकी शादी अगले साल मार्च में होने वाली थी। परिवार उसकी शादी की तैयारियां कर रहा था।परिवार कर रहा था शादी की तैयारीबेटी की शादी में कोई कमी न रहे इसलिए माता-पिता ने सारी लिस्ट तैयार कर ली थी। शादी के लिए शॉपिंग हो रही थी। अचानक गुरुवार की दोपहर को प्लेन क्रैश में बेटी के मारे जाने की बुरी खबर मिली। अहमदाबाद से लंदन जा रहे वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर आने के बाद सारी खुशी मातम में बदल गई।

# मुंबई में हादसे की सबसे बड़ी खबर डंपर ने तीन लोगों को कुचला, इलाके में हंगामा

**मुंबई के गोवंडी इलाके से बड़ी खबर है। गोवंडी में एक डंपर ने 3 लोगों को कुचल दिया है। इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डंपर चालक को पकड़कर जाम लगा दिया। करीब दो से ढाई घंटे तक विरोध प्रदर्शन करते रहे।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः क्या मौत सस्ती हो गई है ? यह सवाल एक बार फिर उठ रहा है। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई। साथ ही मुंबई में लोकल ट्रेन हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद अब मुंबई के गोवंडी इलाके से भी दर्दनाक खबर सामने आ रही है। गोवंडी में एक तेज रफ्तार डंपर ने 3 लोगों को कुचल दिया। इससे तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से इलाके में काफी सनसनी फैल गई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर देखने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई। इतना ही नहीं इस घटना के बाद स्थानीय लोग काफी गुस्से में थे। लोगों ने हंगामा किया और बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि इस घटना में तीन लोगों की जान चली गई।

## हादसे के बाद ट्रैफिक जाम

पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लिया। पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली और वह मौके पर पहुंची। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कुछदेर के लिए दोनों तरफ जाने वाला यातायात बंद हो गया था। स्थानीय लोगों के बैठ जाने से वहां भीषण जाम लग गया था। पुलिस ने तुरंत आरोपी चालक को भीड़ से हिरासत में ले लिया। इस समय पुलिस प्रदर्शनकारी नागरिकों को समझाने का प्रयास कर रही है।

## पुलिस को हल्का लाठीचार्ज भी करना पड़ा

यह दुर्घटना घाटकोपर मानखुर्द लिंक रोड के शिवाजीनगर इलाके में हुई। इस दुर्घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने इस सड़क पर धरना दिया। गुस्साई भीड़ ने डंपर के शीशे तोड़ दिए और उसमें तोड़फोड़ की। इस दौरान दोनों तरफ बड़ा ट्रैफिक जाम हो गया। मुंबई और नवी मुंबई की ओर जाने वाले दोनों मार्गों पर बड़ा ट्रैफिक जाम हो गया। प्रदर्शनकारी करीब ढाई घंटे से बैठे थे। पुलिस उन्हें समझाने की पूरी कोशिश कर रही थी। लेकिन प्रदर्शनकारी सुनने के मूड में नहीं थे। इसलिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा।

## पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया

आखिरकार स्थानीय प्रदर्शनकारियों के नहीं मानने पर पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा। खबर यह भी है कि पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद अब दोनों तरफ से ट्रैफिक चालू हो गया है। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। पुलिस इलाके में शांति बनाए रखने की कोशिश कर रही है।

फास्ट ट्रैक

# मध्य रेल द्वारा उपनगरीय ट्रेनों की प्रथम श्रेणी डिब्बों में केंद्रित टिकट जांच अभियान शुरू किया जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए मध्य रेल के मुंबई मंडल ने एक साहसिक और निर्णायक कदम उठाया है। उपनगरीय ट्रेनों की प्रथम श्रेणी में अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने और प्रामाणिक यात्रियों के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रथम श्रेणी डिब्बों में केंद्रित टिकट जांच अभियान चलाया जाएगा।

यह नया अभियान सोमवार, 16 जून 2025 से लागू होगा।

प्रथम श्रेणी डिब्बों में अनधिकृत यात्रा की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर, मुंबई मंडल के विशेष टिकट जांच दल, रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के साथ, पीक घंटों में सभी प्रथम श्रेणी डिब्बों में रोटेशन के आधार पर एंड-टू-एंड (पूरी यात्रा के दौरान) तैनात किए जाएंगे। ये दल पूरी यात्रा के दौरान डिब्बों में गहन जांच करेंगे। बिना वैध प्रथम श्रेणी टिकट या पास के पाए गए यात्रियों से ट्रेन में ही मौके पर जुमार्ना वसूला जाएगा। भुगतान न करने की स्थिति में, ऐसे यात्रियों को अगले निर्धारित स्टेशन पर उतारा जाएगा, जहां स्टेशन आधारित टिकट जांच कर्मचारी आगे की कार्रवाई करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इस अभियान का उद्देश्यः

वास्तविक प्रथम श्रेणी यात्रियों के अधिकारों की रक्षा करना

उपनगरीय नेटवर्क में किराया शुद्धता को बनाए रखना

लगातार निगरानी द्वारा अनियमित यात्रा को हतोत्साहित करना है

यह पहल मध्य रेल द्वारा पूर्व में शुरू किए गए AC लोकल हेल्पलाइन टिकट जांच अभियान की शानदार सफलता के बाद की जा रही है।

मुंबई मंडल, मध्य रेल सभी यात्रियों से अपील करता है कि वे वैध टिकट या पास के साथ यात्रा करें और जांच स्टाफ के साथ सहयोग करें, ताकि सभी के लिए यात्रा अधिक सुगम, न्यायसंगत और सुरक्षित बनाई जा सके।

## मुंबई के लिए गुड न्यूज, आज खुलने जा रहा विक्रोली ब्रिज

**मुंबईकरों के लिए खुशखबरी! विक्रोली रेलवे स्टेशन के पास बना फ्लाईओवर आखिरकार शनिवार को खुलने जा रहा है, जिससे पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के बीच यातायात सुगम होगा। इस ब्रिज के शुरू होने से वाहन चालकों को समय और ईंधन की बचत होगी, साथ ही घाटकोपर, विक्रोली और कांजुरमार्ग के निवासियों को भी फायदा मिलेगा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : आखिरकार लंबे इंतजार के बाद विक्रोली रेलवे स्टेशन के पास फ्लाईओवर को शनिवार को आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। इस ब्रिज के शुरू होने से मुंबई के पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में आना-जाना आसान होगा। ब्रिज के जरिए ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे के जरिए पवई की तरफ जाने से वाहन चालकों का समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। साथ ही ब्रिज का फायदा घाटकोपर, विक्रोली और कांजुरमार्ग रेलवे स्टेशनों से 5 किलोमीटर के दायरे में आने-जाने वाले वाहनों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ब्रिज को शनिवार शाम 4 बजे यातायात के लिए खोलने का आदेश बीएमसी प्रशासन को दिया गया है। सीएम ने कहा कि विक्रोली स्थित एलबीएस रोड से ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाले इस ब्रिज का काम पूरा हो गया है। बारिश के दौरान एलबीएस रोड पर ट्रैफिक जाम का लोगों को सामना करना पड़ता है। एकनाथ शिंदे और अजित पवार की ली सलाहफडणवीस ने कहा कि मैंने बिना देर किए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की सहमति से ब्रिज को खोलने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने वर्ष 2018 में काम का आदेश दिया था। इस पर 105 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। बारिश के दौरान लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए ब्रिज को 14 जून को खोलने का आदेश दिया गया है।615 मीटर लंबे इस ब्रिज के शुरू होने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। ब्रिज के खुलने से लोगों के 25 से 30 मिनट का समय बचेगा।एक साल देरी से खुल रहा विक्रोली ब्रिजविक्रोली ब्रिज आखिरकार एक साल की देरी से 14 जून, 2025 को खुलने के लिए तैयार है।

# नॉन हिंदुओं की एंट्री पर बैन, महाराष्ट्र में शनि शिंगणापुर मंदिर ने 114 मुस्लिम कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**शनि शिंगणापुर मंदिर में मुस्लिम कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। हिंदू समाज का एक बड़ा वर्ग इस नियुक्ति के खिलाफ था और इसे मंदिर की परंपराओं के खिलाफ मान रहा था। इस मुद्दे पर समाज ने एकजुट होकर विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया था।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नासिक : महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में शनि शिंगणापुर मंदिर है। इस मंदिर के ट्रस्ट ने हाल ही में 167 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। ट्रस्ट ने कहा कि ये कार्रवाई अनुशासनात्मक कारणों से की गई है। मंदिर के सूत्रों के अनुसार, निकाले गए कर्मचारियों में से 114 (68%) मुस्लिम हैं। श्री शनैश्वर देवस्थान ट्रस्ट ने कर्मचारियों को निकालने का कारण काम में लापरवाही और लंबी अनुपस्थिति बताया है। हालांकि, ट्रस्ट ने कोई खास वजह नहीं बताई है। जिन कर्मचारियों को निकाला गया है, वे 2 से 10 साल से काम कर रहे थे। उन्हें 8 जून और 13 जून को दो चरणों में निकाला गया।सकल हिंदू समाज नामक एक संगठन ने 14 जून को मंदिर में काम करने वाले गैर-हिंदुओं को हटाने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन करने की धमकी दी थी। यह विरोध मई में वायरल हुए एक वीडियो के बाद हुआ। वीडियो में एक व्यक्ति, जो हिंदू नहीं बताया जा रहा था, मंदिर में पेंटिंग का काम कर रहा था।भेदभाव से किया इनकार देवस्थान के उएड गोरक्षनाथ दरंदले ने कर्मचारियों को निकालने को सही ठहराया और भेदभाव से इनकार किया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। निकाले गए लोग अलग-अलग धर्मों के हैं। यह कार्रवाई पूरी तरह से अनुशासनात्मक थी। देवस्थान में 2,400 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। कई लोग काम पर नहीं आते हैं। देवस्थान ने उनका वेतन रोक दिया था और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह पहली खेप है जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।देवस्थान के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निकाले गए कर्मचारी मंदिर ट्रस्ट के कृषि, कचरा प्रबंधन और शिक्षा विभागों में काम कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ कर्मचारी पांच महीने से काम से अनुपस्थित थे। इसका मतलब है कि वे बिना बताए लंबे समय से गायब थे।बताया हिंदुओं की जीतआचार्य तुषार भोसले ने कहा कि शनि शिंगणापुर मंदिर में मुस्लिम कर्मचारियों की नियुक्ति के विरोध में हिंदू समाज ने भव्य मोर्चा निकाला था। इस मोर्चे का दबाव इतना प्रभावी रहा कि मंदिर प्रशासन को झुकना पड़ा। आचार्य तुषार भोसले ने घोषणा की कि मुस्लिम कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जाएगा। यह सकल हिंदू समाज की एकता की जीत है। मैं देशभर के सभी शनि भक्तों और हिंदू समाज का अभिनंदन करता हूं, जिनके एकजुट प्रयासों ने यह संभव किया। मोर्चे की सफलता ने यह साबित कर दिया कि समाज के संगठित प्रयास बड़े बदलाव ला सकते हैं।

# कैबिनेट मंत्रियों को फिलहाल नहीं मिलेंगे आईपैड, महाराष्ट्र सरकार ने टेंडर रद्द किया

**महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति सरकार के मंत्रियों को अभी आईपैड नहीं मिल पाएंगे7 1.16 करोड़ रुपये की कीमत से 50 आईपैड खरीदने के टेंडर को सरकार ने फिलहाल रद्द कर दिया है। ऐसे में अभी ई-कैबिनेट सपना साकार नहीं हो पाएगा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः कैबिनेट मंत्रियों के लिए 50 आईपैड खरीदने का मामला फिलहाल खटाई में पड़ गया है। महाराष्ट्र सरकार ने खरीदी की टेंडर प्रक्रिया ही रद्द कर दी है। इसके पीछे कारण बताया गया है कि जिस कंपनी के साथ सरकार ने आईपैड खरीदने के लिए करार किया था वह कंपनी तय समय के अंदर आईपैड की आपूर्ति नहीं कर सकी। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने 4 जून 2025 को एप्पल ब्रांड के 50 आईपैड सहित एसेसरीज सहित खरीदने के लिए रेडियस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को ठेका दिया था। करार के अनुसार, कंपनी को एक सप्ताह के अंदर 50 एप्पल आईपैड की आपूर्ति करनी थी। कंपनी ने 6 जून 2025 को ई-मेल के माध्यम से विभाग को सूचित किया कि उसके लिए एक सप्ताह में आईपैड उपलब्ध कराना संभव नहीं है। चूंकि सरकार ई-कैबिनेट प्रणाली को तत्काल लागू करना चाहती है, ऐसे में आईपैड तुरंत उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में रेडियस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के साथ किए गए आपूर्ति करार को रद्द कर दिया गया।

## 1.65 लाख में एक आईपैड

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग आईपैड खरीदने के बाबत बीते 4 जून को सरकारी आदेश जारी किया था। सरकार 50 आईपैड खरीद रही थी। एक आईपैड की कीमत 1 लाख 65 हजार 843 रुपये तय किया गया। इसके लिए सरकार ने 1.06 करोड़ रुपये खर्च करने के लिए बजट प्रावधान भी किया। करार के अनुसार, कंपनी आईपैड के साथ-साथ एसेसरीज में मैजिक की बोर्ड, एप्पल पेंसिल, एप्पल कवर, एडाप्टर और केबल शामिल है। आपूर्तिकर्ता को एक सप्ताह के भीतर आईपैड उपलब्ध कराने तथा सभी हार्डवेयर नए और ब्रांडेड होने की शर्त रखी गई थी।

## ई-कैबिनेट के लिए आईपैड खरीदी

महाराष्ट्र की महायुति सरकार राज्य में ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने जा रही है। ताकि कागज का कम से कम उपयोग हो। साथ ही मंत्री भी हमेशा अपडेट रह सके। सरकार का मानना है कि ई-कैबिनेट प्रणाली से कैबिनेट बैठकों की योजना बनाना, संदर्भ ढूंढना, निर्णयों को लागू करना और तदनुसार प्रक्रियाओं की निगरानी करना आसान हो जाएगा। बैठक के दौरान उठाए गए

# मध्य रेल के सोलापुर मंडल के कलबुरगि, शाहाबाद और वाडी स्टेशनों पर SMVT बेंगलुरु-बीदर 10 विशेष ट्रेनों का ठहराव होगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भारतीय रेल SMVT बेंगलुरु और बीदर के बीच 10 विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा। ये विशेष ट्रेनें मध्य रेल के सोलापुर मंडल के 3 स्टेशनों पर रुकेंगी : कलबुरगि, शाहाबाद और वाडी।

SMVT बेंगलुरु - बीदर स्पेशल (10 ट्रिप)

- 06539 स्पेशल 15.06.2025 से 29.06.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को 21:15 बजे रटश्ळ बेंगलुरु से रवाना होगी और अगले दिन 10:15 बजे बीदर पहुंचेगी। (5 ट्रिप)

- 06540 स्पेशल 16.06.2025 से 30.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार और सोमवार को 13:00 बजे बीदर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04:00 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी। (5 ट्रिप)

ठहरावः हुमनाबाद, कलबुरगि, शाहाबाद, वाडी, यादगीर, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, अदोनी, गुंतकल, अनंतपुर, धर्मावरम, हिंदूपुर और येलहंका।

संरचनाः 1 एसी-कक टियर, 2 एसी-ककक टियर, 11 स्लीपर क्लास, 4 जनरल सेकेंड क्लास और 2 लगेज कम ब्रेक वैन। (20 कोच)

आरक्षण और टिकटिंगः विशेष ट्रेनों 06539/06540 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर खुली है।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैध टिकट के साथ यात्रा करें। अनारक्षित कोचों की बुकिंग स्टेशनों पर बुकिंग काउंटर और यूटीएस ऐप के माध्यम से भी की जा सकती है। इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www. enquiry. indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश के पीछे कहीं साइबर अटैक तो वजह नहीं? सांसद संजय राउत ने उठाए सवाल

**☞ शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सवाल उठाते हुए साइबर हमले की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि दुश्मन देश पहले भी भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर साइबर हमले की कोशिश कर चुके हैं। राउत ने कहा कि विमान उड़ान भरने के 30 सेकेंड में ही क्रैश हो गया जिससे संदेह होता है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई (महाराष्ट्र)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर सवाल खड़े किए हैं। इस हादसे में 265 लोगों की मौत हो गई। संजय राउत का कहना है कि दुश्मन देश कई बार भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों पर साइबर हमला करने की कोशिश कर चुके हैं। कहीं अहमदाबाद विमान हादसे के पीछे भी दुश्मन की कोई साजिश तो नहीं है ?मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए संजय राउत ने विमान हादसे के पीछे साइबर हमले की आशंका जताई है। संजय राउत के अनुसार, मुमकिन है कि किसी दुश्मन देश ने विमान के सिस्टम पर साइबर हमला करके इस हादसे को अंजाम दिया हो।संजय राउत ने कहा- बीजेपी बोइंग डील के सख्त खिलाफ थी। जब यह डील हुई तो प्रफुल पटेल नागरिक उड्डयन मंत्री थे। अब लोग हवाई सफर करने से डरेंगे। एविएशन सेक्टर में मेंटेनेंस सबसे अहम होती है। अहमदाबाद का मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट किसके पास है ? अहमदाबाद में ही यह हादसा क्यों हुआ ? अहमदाबाद एअरपोर्ट से उड़ान भरने वाला विमान ही दुर्घटना का शिकार क्यों हुआ ?हाई लेवल कमेटी का गठन बता दें अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद केंद्र सरकार ने एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने नोटिस जारी करते हुए जानकारी दी कि यह हाई लेवल कमेटी प्लेन हादसे की जांच करेगी। कमेटी को जांच रिपोर्ट जमा करने के लिए 3 महीने का समय दिया गया है। वहीं, बीजे मेडिकल कॉलेज की छत से ब्लैक बॉक्स भी खोज लिया गया है। ब्लैक बॉक्स को डिकोड करने के बाद विमान हादसे की असल वजह का पता लग सकता है।

## टीला मोड में पन्नी में लिपटा शव मिला

गाजियाबाद ,टीला मोड थाना क्षेत्र में एक और संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। इन्द्रप्रस्थ आवासीय कॉलोनी में राहगीरों को पन्नी में लिपटा एक शव मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को शव को कुत्ते नोच रहे थे। पुलिस ने कुत्तों को भगाकर शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है।

**पश्चिम मध्य रेल**

सिविल इंजीनियरिंग

**संख्याः डब्ल्यू/623/15 दिनांक 13.06.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्या–** 128/2025, **कार्य का विवरण–** एडीईएन बारा सेक्शन– इम्पूवमेंट ऑफ यार्ड एट वेरिर्यस स्टेशनस, **अनुमानित लागत–** 69503452.23, **बयाना राशि–** 497500.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 07.07.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या–** 129/2025, **कार्य का विवरण–** कोटा – नागदा सेक्शन– क्लिनिंग ऑफ मेनहोल इन्सपेक्शन चेम्बर एसडब्ल्यू पाइपलाइन एंड सोक पिट इन एडीईएन/रामगंजमंडी जुरिस्डिक्शन फॉर टू ईयरस, **अनुमानित लागत–** 3378880.31, **बयाना राशि–** 67600.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 07.07.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या–** 130/2025 आर, **कार्य का विवरण–** एडीईएन /शामगढ़ सेक्शन – प्रोविजन ऑफ बाउंड्री वॉल टू अवॉइड एन्क्रोचमेन्ट इन वेरियस सेक्शनस ऑफ कोटा डिविजन, **अनुमानित लागत–** 18496479.96, **बयाना राशि–** 242500.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 07.07.2025 को 15:30 घंटे पर, **टेंडर संख्या–** 131/2025, **कार्य का विवरण–** प्रोविजन ऑफ ब्लास्ट लेंस ट्रेक (बीएलटी) एट कोटा स्टेशन (लूप लाइन न. 5, सी/एल (पीएफ–3), 8 सी/ एल (पीएफ–4) , पीएफ–2ए एंड पीएफ–3ए) प्री बिड कान्फ्रेन्स 24 जून 2025 को 11:30 बजे सीनियर डीईएन (समन्वय) कोटा के चेम्बर में आयोजित की जायेगी।, **अनुमानित लागत–** 145739824.87, **बयाना राशि–** 878700.00, **टेण्डर भरने की अंतिम तिथि एवं समय–** 11.07.2025 को 15:30 घंटे पर, पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई–निविदा में तथा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटामंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

(हस्ता.)
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# बीमार मां से मिलने और ईद मनाने आए थे, पर ब्रिटेन नहीं लौट सके, अहमदाबाद प्लेन क्रैश में गई पूरे परिवार की जान

**लंदन में बसे जावेद अली, पत्नी और दो बच्चों के साथ अपनी बीमार मां को देखने मुंबई आए थे। ईद मनाने के बाद वे वापस ब्रिटेन लौट रहे थे, तभी अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में पूरे परिवार की दुखद मौत हो गई। इस हादसे में परिवार की मौत ने सबको हिला दिया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : मां की तबीयत खराब थी, हाल ही में उनकी सर्जरी हुई थी, उन्हीं को देखने लिए जावेद भाई, भाभी और दोनों बच्चों के साथ ब्रिटेन से आए थे। मां से मिले, हमारे साथ ईद मनाई और ब्रिटेन के लिए लौट रहे थे, तभी खबर आई कि उनका प्लेन क्रैश हो गया। जावेद के भाई (मौसी के बेटे) सौद मेनन ने यह बात एनबीटी से बात करते हुए कही। जावेद के भाई और मामा अहमदाबाद के लिए रवाना हो चुके हैं।12 जून को अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में मुंबई के गोरेगांव स्थिति ईरानी वादी के निवासी सैय्यद परिवार के जावेद अली, पत्नी मरियम अली, बेटा, झियान अली (6) और बेटी अमानी अली सय्यद (4) की मौत हो गई।

## 11 साल से लंदन में रह रहा था परिवार

मृतक के भाई सौद मेनन ने बताया कि भाई लंदन में होटल मैनेजर थे और उनकी मोबाइल की शॉप भी है। वह बीते 11 सालों से वहीं रह रहे थे। परिवार को वहां की नागरिकता भी मिल गई थी। मेरी मौसी यानी जावेद की मां को दिल का दौरा पड़ा था, उनकी कुछ दिन पहले ही सर्जरी हुई थी, ऐसे में मां को देखने के लिए परिवार लंदन से ईद के पहले ही मुंबई आ गया था। उन्होंने हम सभी के साथ ईद मनाई। उनका स्वभाव काफी अच्छा था। इतने साल विदेश में रहने के बावजूद उनका सबके प्रति प्रेम था। मेरे लिए वह ब्रिटेन से टीशर्ट और बैग भी लाए थे। उन्होंने मुझसे कहा भी था कि तू अच्छे से पढ़ाई कर मैं तुझे लंदन ले जाऊंगा।

## ब्रिटेन में अपने दम पर हासिल की कामयाबी

सौद ने बताया कि जावेद भाई को डायरेक्ट फ्लाइट नहीं मिली, इसलिए उन्हें वाया अहमदाबाद फ्लाइट लेनी पड़ी और यह हादसा हो गया। उनका सगा भाई, जो डायमंड का बिजनेस करता है और हमारे मामा अहमदाबाद गए हैं।

# मुंबई में दरगाह के पास फटा सिलेंडर, 20 फीट तक उठती रहीं लपटें, एक व्यक्ति की मौत और 7 घायल

- **मुंबई के माहिम इलाके में मखदूम शाह दरगाह के पास शुक्रवार शाम एक भोजनालय में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट हो जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए।**
- **मृतक की पहचान नूर आलम के रूप में हुई है**
- **अधिकारी ने बताया कि आग को 25 मिनट के भीतर बुझा दिया गया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई। मुंबई के माहिम इलाके में मखदूम शाह दरगाह के पास शुक्रवार शाम एक भोजनालय में एलपीजी सिलेंडर विस्फोट हो जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। इसकी जानकारी एक नगर निगम अधिकारी ने शुक्रवार को दी।मृतक की पहचान नूर आलम के रूप में हुई हैदमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान नूर आलम के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद शाम छह बजकर 17 मिनट पर आग लग गई और छह बजकर 40 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया।अधिकारी ने बताया कि आग को 25 मिनट के भीतर बुझा दिया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रवीण पुजारी (34), मुकेश गुप्ता (34) और शिवमोहन (24) को राजकीय सायन अस्पताल ले जाया गया, जहां पुजारी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## बैठक में मोदी सरकार की योजनाओं की समीक्षा

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में स्थित प्राचीन द्रोणाचार्य मंदिर परिसर में शनिवार को भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों की समीक्षा की गई।

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) II, पश्चिम रेलवे, इंदौर द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : आईएनडी-डिवाईसीईसी-II-आईडीयू-आरओबी-07, दि. : 09.06.2025** आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम : रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के इंदौर-देवास-उज्जैन अनुभाग में पाइल फाउंडेशन, सबस्ट्रक्चर, सुपरस्ट्रक्चर गर्डर वर्क्स पर किमी. 07/19-21 पर एलसी 07 के बदले में 2 लेन आरओबी (रेलवे भाग) (1x30 कम्पोजिट गर्डर) का निर्माण तथा अन्य विविध कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 5,75,84,359.02. **बोली सुरक्षा** : रु. 4,37,900/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 30.06.2025 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 30.06.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. **0255**

Like us on: facebook.com/WesternRly

# विद्यार्थी करियर पर ध्यान दें, सोशल मीडिया से दूर रहें : नंदिनी विचारे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , दुनिया बहुत तेज हो गई है और अब एक क्लिक पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जबकि तकनीक बहुत उन्नत हो गई है, छात्रों को इसका अच्छा उपयोग करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने हाल ही में सोशल मीडिया की ओर ध्यान आकर्षित किया है।इसलिए, छात्रों को अपने करियर पर ध्यान देना चाहिए और सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए, शिवसेना ( उद्धव बालासाहेब ठाकरे ) पार्टी की पूर्व नगरसेविका नंदिनी विचारे ने आज छात्रों को बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया ।हर साल की तरह इस साल भी ठाणे महानगरपालिका वार्ड क्रमांक 12 सिद्धेश्वर तालाब इलाके में 10वीं और 12वीं पास करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। उस समय, उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने युवा लड़कियों को कॉलेज में आत्मरक्षा के लिए खुद को तैयार करने के लिए बहुमूल्य सलाह दी। हर साल सिद्धेश्वर तालाब क्षेत्र में रहने वाले और परिस्थितियों से लड़कर पढ़ाई करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाता है और आगे की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।नंदिनी विचारे ने अभिभावकों को आश्वासन दिया कि शिवसेना हमेशा ऐसे छात्रों के पीछे खड़ी है।इस कार्यक्रम में मेघा विचारे, रितुजा शिन्त्रे, अश्विनी कनोलकर, वनिता कोली, सुनंदा देशपांडे, गौरी ताम्हणकर, सुवर्णा सालुंखे सहित अन्य पदाधिकारी और छात्रों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर वार्ड में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

# कावेसर तालाब के सौंदर्यीकरण के खिलाफ निवासियों ने फिर किया विरोध

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , हीरानंदानी इस्टेट क्षेत्र में स्थित सुंदर कावेसर तालाब के सौंदर्यीकरण और कंक्रीटीकरण को लेकर निवासियों का विरोध बढ़ता जा रहा है। आज एक बार फिर निवासियों ने भारी बारिश में विरोध प्रदर्शन किया। विश्व पर्यावरण दिवस पर पहले किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद आज बड़ी संख्या में निवासियों ने एकजुट होकर ह्यकावेसर तालाब बचाओह्व का नारा लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली। इसमें स्कूली छात्र और वरिष्ठ नागरिक भी शामिल हुए।इस तरह चेतावनी देते हुए कि जब तक मनपा सौंदर्यीकरण के फैसले को रद्द नहीं करता, तब तक कंक्रीटीकरण के खिलाफ यह लड़ाई जारी रहेगी।रैली में मांग की गई कि इस क्षेत्र को शांत क्षेत्र घोषित किया जाए ।ठाणे मनपा ने स्थानीय निवासियों को विश्वास में लिए बिना कावेसर




तालाब के सौंदर्यीकरण का फैसला निवासियों पर थोप दिया है। स्थानीय निवासी इसके खिलाफ संगठित हो रहे हैं। पातलीपाड़ा के ब्रह्मांड स्थित हीरानंदानी इस्टेट के निवासियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एकजुट होकर 'कावेसर तालाब बचाओ नागरिक आंदोलन' का गठन किया है। इससे पहले विश्व पर्यावरण दिवस पर कावेसर तालाब के किनारे विरोध प्रदर्शन किया गया था। उसके बाद एक ऑनलाइन याचिका बनाई गई थी और सौंदर्यीकरण का विरोध करने के लिए हजारों नागरिकों ने इस पर हस्ताक्षर किए थे। आज, निवासी फिर एकजुट हुए। उन्होंने पाटलीपाड़ा के रितु सर्किल से कावेसर तालाब तक मार्च निकाला। निवासियों ने 'कावेसर तालाब बचाओ' जैसे नारे लगाए। कावेसर तालाब एक दर्शनीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में पक्षी हैं और शांति है।जबकि इसके बगल में कंक्रीट के जंगल में बहुत शोर है। इसलिए, कावेसर तालाब को उसके प्राकृतिक रूप में बनाए रखा जाना चाहिए ताकि अगली पीढ़ी प्रकृति को देख सके। कावेसर तालाब के आसपास के क्षेत्र को शांत क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए। हीरानंदानी इस्टेट क्षेत्र में कई कृत्रिम उद्यान हैं। कावेसर तालाब क्षेत्र एकमात्र प्राकृतिक स्थान बचा है। निवासियों ने जोर देकर कहा कि इसे बचाया जाना चाहिए। एक वरिष्ठ नागरिक महिला ने कहा कि हमें कंक्रीट की सड़कों के बजाय मिट्टी पर चलना पसंद है। इसलिए हमें कंक्रीट की सड़कों की जरूरत नहीं है।हमें प्रकृति की तरह की तालाब को बनाए रखन चाहिए, और मांग की कि सौंदर्यीकरण का फैसला रद्द किया जाए। एक नागरिक ने कहा कि प्राकृतिक क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण मानवीय अहंकार है। सौंदर्यीकरण के बजाय कंक्रीटीकरण किया जा रहा है, और ठाणे शहर में कई समस्याएं हैं।ट्रैफिक जाम, कचरा, खराब सड़कें आदि पर खर्च करने के बजाय कंक्रीटीकरण पर खर्च किया जा रहा है।

फास्ट ट्रैक

# तेज रफ्तार बाइक ने ली बच्चे की जान

## घर के बाहर खेल रहा था, युवक ने मोटरसाइकिल से टक्कर मारी

शाहजहांपुर, थाना खुटार क्षेत्र के गांव महम्द्पुर सजनिया में एक दुखद घटना सामने आई। घर के बाहर खेल रहे 4 वर्षीय बच्चे को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। घटना में अभय सिंह नाम का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत पुवायां के सरकारी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक



के पिता का नाम अनिल कुमार है। गांव का ही एक युवक रवि मोटरसाइकिल चला रहा था।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उसकी बाइक की रफ्तार बहुत तेज थी। वह नियंत्रण खो बैठा और सीधे बच्चे से टकरा गया।घटना के बाद ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। बच्चे की मौत की खबर से पूरे गांव में शोक छा गया। परिवार में कोहराम मच गया। थाना खुटार पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही गांव में बच्चों की सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध करने को कहा है।

# मोबाइल दुकान से चोरी का मामला

## 30 हजार का फोन चुराते सीसीटीवी में कैद हुआ चोर, दुकानदार ने मौके पर पकड़ा

जलालाबाद, मुख्य चौराहे पर स्थित लक्ष्मी मोबाइल स्टोर में चोरी का मामला सामने आया है। दुकान में आए एक ग्राहक वसीम रजा का 30 हजार रुपये का मोबाइल फोन कोला गांव के रहने वाले आदिल ने चुरा लिया। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दुकानदार की नजर फुटेज पर पड़ी और उसकी



सूझबूझ से चोर आदिल को मौके पर ही पकड़ लिया गया। चोरी की घटना से दुकान में मौजूद अन्य ग्राहकों में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदार ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया और चोर को उनके हवाले कर दिया।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उसने अब तक कितने मोबाइल चोरी किए हैं।जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सपा अधिवक्ता संघ के राष्ट्रीय सचिव का शाहजहांपुर में स्वागत

## जय ओम गंगवार के सम्मान में कार्यक्रम, 2027 में सत्ता परिवर्तन का किया दावा

शाहजहांपुर , तिलहर नगर में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय सचिव जय ओम गंगवार का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। रॉयल पैलेस मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव अनवर उल्ला खान वारसी के नेतृत्व में सपा नेताओं ने गंगवार का स्वागत किया।

# एसटी निगम के अंतर्गत 5 क्षेत्रीय विभाग का निर्माण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , परिवहन मंत्री एवं एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक के निदेशानुसार, नियोजन एवं निर्णय-प्रक्रिया को विकेंद्रीकृत करने के उद्देश्य से कर्नाटक परिवहन निगम की तर्ज पर एसटी निगम के अंतर्गत 5 क्षेत्रीय प्रभाग बनाए गए हैं।एसटी निगम के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. माधव कुसेकर द्वारा इसके क्रियान्वयन के लिए हाल ही में एक परिपत्र जारी किया गया तथा ये क्षेत्रीय प्रभाग अगले कुछ दिनों में स्वतंत्र रूप से अपने कार्यालय शुरू कर रहे हैमहाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम अर्थात एसटी निगम के नियोजन एवं विपणन विभाग के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न निगरानी समितियों के कार्यालय 06/12/2016 से बंद थे। लेकिन जब परिवहन मंत्री एवं एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक कर्नाटक के दौरे पर थे, तो उन्होंने वहां निगम के विकेंद्रीकरण की अवधारणा को उठाया। इसलिए, उन्होंने प्रस्ताव रखा कि महाराष्ट्र एसटी निगम, जो आकार में कर्नाटक निगम से दोगुना है तथा प्रशासनिक रूप से भी बड़ा है, को भी कम से कम 5 क्षेत्रीय प्रभागों में विभाजित किया जाना चाहिए। एसटी व्यवस्था राज्य सरकार के राजस्व विभाग पर आधारित है।वर्तमान में तीन स्तरीय संरचना लागू है, जिसमें तालुका स्तर पर डिपो, जिला स्तर पर संभागीय कार्यालय और राज्य स्तर पर केंद्रीय कार्यालय है। हालांकि, राज्य सरकार के राजस्व विभाग के विपरीत, इस तीन स्तरीय संरचना में छह प्रशासनिक प्रभाग शामिल नहीं थे। इसलिए, केंद्रीय कार्यालय से सीधे संभागीय कार्यालय से संवाद करना भौगोलिक रूप से संभव नहीं था। बेशक, स्थानीय स्तर पर परिवहन की योजना बनाने, यात्राओं और मेलों के लिए अतिरिक्त परिवहन प्रदान करने जैसे निर्णय लेने में देरी हुई या प्रशासनिक देरी के कारण एसटी के राजस्व पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए, ₹नियंत्रण, नियोजन और समन्वय₹ के उद्देश्य से महामंडल के तहत 5 क्षेत्रीय प्रभाग बनाने का निर्णय लिया गया है। यह बात मंत्री प्रताप सरनाईक ने कही है ।इस निर्णय के अनुसार 5 क्षेत्रीय प्रभाग बनाए गए हैं - मुंबई, नासिक, नागपुर, पुणे और अमरावती, तथा प्रत्येक क्षेत्रीय प्रभाग के अंतर्गत कार्य विभाग और मुख्यालय निर्धारित किए गए हैं।प्रत्येक समिति के लिए आवश्यक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, तथा उस क्षेत्र के यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और समय पर सेवाएँ प्राप्त हों, इसके लिए सभी प्रकार की योजनाएँ क्रियान्वित की जाएँगी। उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. माधव कुसेकर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल उचित क्रियान्वयन शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

# हिन्दू मां को मिला मुस्लिम बेटों का कंधा

- सलोन में लोगों ने पेश की एकता की मिसाल, दोस्त की माता के अंतिम संस्कार में दिया साथ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, देश में जहां हिन्दू-मुस्लिम के बीच खींची नफरत की दीवार के मामले आए दिन सामने आते है, इसी बीच उत्तर प्रदेश के जिला रायबरेली के सलोन कस्बे से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने एकता और प्रेम की मिसाल साबित करने का काम किया है। दरअसल मिलकियाना पूर्वी वार्ड के पूर्व सभासद राधे बाबा पटवा की पत्नी और उमेश पटवा की मां का आ निधन हो गया था। परिवार पर गिरी इस दुख की गाज में जहां पटवा परिवार तो शामिल था, उसके साथ ही उनके मुस्लिम दोस्त का एक गुट न सिर्फ शामिल हुआ बल्कि उनकी मां के शव को कंधा देने का भी काम किया। हिन्दू दोस्त की मां को कंधा देने के लिए एक या दो नहीं बल्कि दर्जनों मुस्लिम सामने आए। जिसमें मोहम्मद जैद खान मेवाती, अशफाक सलमानी, मोहम्मद आजम मेवाती, मुख्तार सलमानी, अरबाज सलमानी, गुरु सलमानी, मुनीर सलमानी, आलम मेवाती, इस्लामियावती, खलील बाबा सलमानी, शकील मेवाती समेत दर्जनों मुस्लिम युवाओं ने पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। इतना ही नहीं उन्होने दोस्त की मां को कंधा देने के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार की हर विधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह घटना न सिर्फ सलोन कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है, बल्कि पूरे जनपद में इसे भाईचारे की मिसाल के रूप में देखा



जा रहा है।ऐसे समय में जब समाज में धर्म के नाम पर नफरत फैलाने की कोशिशें होती हैं, सालोन की यह घटना बताती है कि इंसानियत और आपसी समझ आज भी जिंदा है।स्थानीय लोगों ने इन युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह उदाहरण उन सभी के लिए सबक है जो समाज को बांटने की कोशिश करते हैं।यह घटना दिखाती है कि दुःख-सुख में धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत सबसे बड़ी पहचान है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

- पत्नी के लगातार शक करने से तंग था, भाई बोला- हर कुछ देर में करती थी फोन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 31 वर्षीय रवि प्रजापति ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गढ़ी पूर्वी के रहने वाले रवि की शादी डेढ़ साल पहले चौक कोतवाली क्षेत्र की बड़ी बिसरात निवासी कंचन से हुई थी।शादी के एक महीने बाद से ही दोनों के बीच घरेलू विवाद शुरू हो गया।परिवार ने उन्हें अलग घर दिया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। मृतक के भाई के अनुसार, कंचन को रवि पर अत्यधिक संदेह था। वह काम पर जाते ही उसे फोन करने लगती थी। बार-बार उसकी लोकेशन चेक करती और वीडियो कॉल करके देखती थी।पत्नी की मां ने कई बार कंचन को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। बीती रात दोनों के बीच फिर विवाद हुआ। इसके बाद रवि ने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली।मृतक के भाई ने पुलिस को शिकायत दी है।थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

# 6 फीट का कोबरा लेकर अस्पताल पहुंचा

## शाहजहांपुर में डॉक्टर से बोला- साहब, इसी ने डसा है, जल्दी मेरा इलाज कीजिए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, बाग की रखवाली कर रहे किसान को करीब 6 फीट लंबे कोबरा सांप ने डस लिया। किसान ने गुस्से में आकर लाठी से पीट-पीटकर उसे मार डाला।फिर उसे अपनी पत्नी से बोरी में भरवाया मेडिकल कॉलेज पहुंचा। डॉक्टर के सामने बोरी रखा। सांप को बाहर निकालते हुए कहा- साहब, इसी सांप ने मुझे काटा है।सबूत लाया हूं। मेरा इलाज करिए। किसान को देखकर वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए।डॉक्टर ने उसका इलाज शुरू किया।उसे एंटी स्नेक वेनम दिया गया। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है। घटना शुक्रवार रात की कांट के नवादा गौटिया गांव की है। मुमताज अली गौटिया गांव में अपने परिवार के साथ रहते हैं।वह रखवाली करते हुए बाग में टहल रहे थे। इसी दौरान उनका पैर कोबरा सांप पर पड़ गया। सांप मुमताज के पैर में लिपट गया। जब तक मुमताज कुछ समझ पाते, कोबरा ने मुमताज के पैर में डस लिया।सांप की पूछ पकड़कर उसे बिल से खींचा मुमताज ने तेजी से पैर झटक कर सांप को खुद से अलग किया।पैर से अलग होते ही सांप बिल में जाने लगा।यह देखते ही मुमताज ने सांप की पूछ पकड़कर उसे बाहर खींचा और जमीन पर पटक दिया।सांप को लाठी से पीटना शुरू कर दिया। 3-4 लाठी में ही सांप की मौत हो गई।मुमताज मरे हुए सांप को लेकर अपने घर गया। अपनी पत्नी नसीमा को पूरी घटना बताई। हालत बिगड़ने पर मुमताज अपनी पत्नी के साथ सांप को एक बोरे में रखकर मेडिकल कालेज पहुंचा। नसीमा और उसके पति ने थैले में रखे मरे हुए सांप को बाहर निकाला और डॉक्टर को दिखाया। मुमताज ने डॉक्टर से कहा- इसी सांप ने मुझे डसा है। मैं भी जिद्दी इंसान हूं।उसने मुझे काटा, तो मैंने उसे मार दिया।सुबूत के तौर पर मरे हुए सांप को डॉक्टर दिखाने के लिए लाए हैं। क्योंकि अस्पताल में आने पर डॉक्टर पूछते हैं कि किस सांप ने काटा, इसलिए सबूत लाएं हैं। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मेहराज आलम ने बताया- स्नेक बाइट का एक मरीज आया है।उसका इलाज किया गया है। अब उसकी हालत खतरे से बाहर है।

# ट्रैक्टर-पिकअप की टक्कर में चालक की मौत

## शाहजहांपुर में खाली पिकअप लेकर घर लौटते समय हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय पिकअप चालक की मौत हो गई। थाना सिंधौली क्षेत्र के रहने वाले यूनुस मुर्छा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गए। यूनुस रात में शहर से खाली पिकअप लेकर घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।



पुलिस ने उसे चिनौर के पास से गिरफ्तार कर लिया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने यूनुस को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौजूद लोगों ने यूनुस की पहचान कर परिवार को सूचित किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि

## शाहजहांपुर में 266 कैंडल जलाकर किया याद, दो मिनट का मौन रखा, जांच की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, सहयोग संस्था ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। खिरनी बाग स्थित शहीद स्तंभ पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने मृतकों की याद में 266 कैंडल जलाईं।

संस्था के संरक्षक शाहनवाज खां ने कहा कि 230 यात्री, 12 क्रू मेंबर और 25 आवासीय लोगों की याद में कैंडल जलाई गईं ।यह हादसा पूरे देश को झकझोर देने वाला है।



उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। संस्था के महासचिव विकास सक्सेना ने सरकार और विमानन प्राधिकरण से दुर्घटना की गहन जांच की मांग की। साथ ही हवाई यात्रा को और सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने कहा कि संस्था सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में हमेशा आगे रही है। उपाध्यक्ष डॉ. पुनीत मनीषी ने इस त्रासदी को अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि यह दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।

# भतीजे के सामने चाचा को खींच ले गया मगरमच्छ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, नदी में मछली पकड़ने गए व्यक्ति को मगरमच्छ ने पकड़कर पानी में खींच लिया। भतीजे ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाया। शोर सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। बार्डर का गांव होने के चलते निगोही और तिलहर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस गोताखोरों की मदद से शव की तलाश कर रही है। पुलिस ने वन विभाग को भी सूचना दे दी है। मामला निगोही थाना क्षेत्र का है। उदयपुर कटिया गांव के रहने वाले 50 साल के धर्मपाल सिंह भतीजे और अन्य साथियों के साथ तिलहर थाना क्षेत्र में स्थित नदी में मछली पकड़ने गए थे। सभी ने नदी में मछली पकड़ने के लिए जाल डाला, लेकिन धर्मपाल जाल डालने के दौरान नदी के पानी में चले गए। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, धर्मपाल को नदी में मौजूद मगरमच्छ ने पकड़कर खींच लिया। इस दौरान भतीजे ने उनको बचाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। उसके बाद चीखपुकार मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। बार्डर का गांव होने के चलते तिलहर और निगोही थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उसके बाद आसपास के गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। घटना के बाद भी नदी में मगरमच्छ को देखा गया। इसके बाद गोताखोरों की मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने वन विभाग को भी सूचना दे दी है। सीओ तिलहर ज्योति यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति को मगरमच्छ ने पानी में खींचा है ।उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। गोताखोरों से तलाश कराई जा रही है। वन विभाग को भी सूचना दे दी है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# लॉस एंजिलिस-हिंसा के बीच वाशिंगटन में मिलिट्री परेड की तैयारी

## 2 हजार जगहों पर विरोध प्रदर्शन; ट्रम्प का 79वां जन्मदिन

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका के लॉस एंजिलिस में बीते 8 दिनों से जारी विरोध प्रदर्शन के बीच, वाशिंगटन में शनिवार को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के साथ-साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 79वां जन्मदिन मनाया जाएगा। आज राजधानी में भव्य मिलिट्री परेड का आयोजन होगा। परेड शाम 6:30 बजे ( भारतीय समयानुसार रविवार तड़के 4 बजे ) शुरू होगी और 90 मिनट तक चलेगी। यहां, 2 लाख से ज्यादा लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, मिलिट्री परेड के विरोध में पूरे अमेरिका में लगभग 2 हजार जगहों पर नो किंग्स ( यानी अमेरिका का कोई राजा नहीं है ) विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच, पूरे अमेरिका में नो किंग्स नामक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह आंदोलन ट्रम्प की नीतियों और तानाशाही रवैये का विरोध करता है। इस आंदोलन का नाम ₹50 स्टेट्स, 50 प्रोटेस्टर्स, वन मूवमेंट₹ से प्रेरित



है, जिसका मतलब है कि अमेरिका के 50 राज्यों में एक साथ विरोध प्रदर्शन। इस प्रदर्शन में करीब 2,000 शहरों और कस्बों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन होंगे, जिनमें लोग झंडे लहराएंगे, भाषण देंगे और नारे लगाए जाएंगे। फिलाडेल्फिया में सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा। हालांकि वाशिंगटन में कोई बड़ा विरोध नहीं होगा। शिकागो, न्यूयॉर्क, और एंकोरेज जैसे शहरों में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। एक प्रदर्शन के दौरान न्यूयॉर्क में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर काली मिर्च का स्प्रे इस्तेमाल किया, जबकि स्पोकेन में 30 से अधिक लोग गिरफ्तार हुए। वाशिंगटन में 34 साल बाद इतने बड़े पैमाने पर मिलिट्री परेड का आयोजन हो रहा है। इससे पहले 1991 में ऐसा आयोजन हुआ था। इस परेड के कारण वाशिंगटन की सड़कें 4 दिन तक बंद रहेंगी। इस परेड में टैंक, 6,700 सैनिक, 128 वाहन, 62 विमान शामिल होंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस परेड को अमेरिकी ताकत और सैनिकों के बलिदान का प्रतीक बताया है। इस आयोजन में करीब 25 से 45 मिलियन डॉलर (21-38 करोड़) खर्च हुए हैं। जिससे शहर में ट्रैफिक जाम जैसे हालात बने हुए हैं। इसके साथ रोनाल्ड रीगन हवाई अड्डे पर कुछ समय के लिए उड़ानें रोक दी गई हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू कर सकते हैं। यह कानून सरकार को हिंसा रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में होने वाली आर्मी परेड के दौरान प्रदर्शन को लेकर भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रदर्शन करता है तो उसे सेना का सामना करना पड़ेगा।

# हमला नहीं रोका तो जलाकर खाक कर देंगे

## ईरान को इजरायल की चेतावनी

एजेंसी

इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने शनिवार को ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजरायल पर मिसाइल हमले जारी रहे तो तेहरान जल जाएगा। कैट्ज की यह टिप्पणी ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों के जवाब में ईरान द्वारा रात भर किए गए मिसाइल हमले के बाद आई है।

सुरक्षा आकलन के दौरान आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर और मोसाद निदेशक डेविड बार्निया के साथ बोलते हुए, कैट्ज ने सीधे ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को संबोधित किया।

कैट्ज ने कहा कि ईरानी तानाशाह ईरान के नागरिकों को बंधक बना रहा है, और विशेष रूप से तेहरान के निवासियों को इजरायली नागरिकों पर आपराधिक हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायली सेना ने शनिवार को पुष्टि की कि उसके ऑपरेशन, जिसका कोडनेम राइजिंग लॉयन था, ने नौ वरिष्ठ ईरानी परमाणु वैज्ञानिकों को सफलतापूर्वक मार गिराया है।

आईडीएफ के अनुसार, वैज्ञानिक सीधे तौर पर ईरान की परमाणु हथियार क्षमताओं को बढ़ाने में शामिल थे। सेना ने कहा किये हमले सटीक खुफिया



जानकारी के आधार पर किए गए थे। उनका खात्मा ईरानी शासन की सामूहिक विनाश के हथियार हासिल करने की क्षमता के लिए एक बड़ा झटका है। ड्रोन और युद्धक विमानों से किए गए हवाई हमलों ने कथित तौर पर नतांज और इस्फहान सहित संवेदनशील परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाया, जिससे व्यापक क्षति हुई। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने शुक्रवार रात को इजरायली क्षेत्र में दर्जनों बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। विस्फोटों ने यरुशलम और तेल अवीव के आसमान को जगमगा दिया, जबकि इजरायल की आयरन डोम रक्षा प्रणाली और अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए गए इंटरसेप्टर आने वाले खतरों को बेअसर करने के लिए काम कर रहे थे। मध्य इजरायल में नागरिकों से आश्रय लेने का आग्रह किया गया। इजरायली अधिकारियों ने कम से कम तीन मौतों और दर्जनों लोगों के घायल होने की पुष्टि की। इस बीच, ईरान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने बताया कि इजरायल के हमलों में 78 ईरानी मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए।

# एससीओ की इजरायल पर निंदा वाले स्टैंड से अलग हुआ भारत

## मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव को लेकर हुई थी बैठक

**एससीओ का यह बयान 13 जून को ईरान पर इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच आया है। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए ईरान पर पूर्व-निवारक अभियान शुरू किया।**



एजेंसी

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और 13 जून को ईरान पर इजरायल द्वारा किए गए सैन्य हमलों की कड़ी निंदा की है। हालांकि, भारत ने ईरान पर इजरायल के सैन्य हमलों की निंदा करने वाले बयान पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की चचाओं में भाग लेने से परहेज किया और तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, इस मामले पर भारत की अपनी स्थिति 13 जून 2025 को हमारे द्वारा स्पष्ट की गई थी और यह वही है। हम आग्रह करते हैं कि तनाव कम करने की दिशा में काम करने के लिए बातचीत और कूटनीति के चैनलों का उपयोग किया जाना चाहिए और यह आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उस दिशा में प्रयास करे। एससीओ का यह बयान 13 जून को ईरान पर इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच आया है। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए ईरान पर पूर्व-निवारक अभियान शुरू किया। एससीओ सदस्य देशों द्वारा जारी बयान में कहा गया है, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देश मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं और 13 जून, 2025 को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के क्षेत्र पर इजरायल द्वारा किए गए सैन्य हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ऊर्जा और परिवहन अवसंरचना सहित नागरिक लक्ष्यों के खिलाफ इस तरह की आक्रामक कार्रवाइयां, जिसके परिणामस्वरूप नागरिक हताहत हुए हैं, अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन है। वे ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाते हैं, और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए गंभीर जोखिम पैदा करते हैं।

एससीओ सदस्यों ने ईरान के लोगों और सरकार के प्रति संवेदना व्यक्त की और शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित स्थिति के समाधान का आान किया। बयान में कहा गया, एससीओ सदस्य देश ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित स्थिति के शांतिपूर्ण, राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से समाधान की दृढ़ता से वकालत करते हैं। एससीओ सदस्य देश इस्लामी गणराज्य ईरान के लोगों और सरकार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# इजराइल का साथ दिया तो कोई नरमी नहीं बरतेंगे

## दुनिया को धमकाने वाले ट्रंप को खामनेई की सीधी चेतावनी

एजेंसी

ईरान ने अमेरिका समेत अन्य देशों को कड़ी चेतावनी दी है। ईरान का कहना है कि जो भी देश इजरायल के साथ खड़ा है वो हमारे टारगेट पर है। हम इजरायल पर नरमी नहीं बरतेंगे। इजरायल को माकूल जवाब दिया जाएगा। जो भी देश इजरायल के समर्थन में खड़े हैं वो भी हमारे टारगेट पर हैं। ईरान की ये चेतावनी सीधे तौर पर अमेरिका को है। ईरान की ओर से सैकड़ों मिसाइलें तेल अवीव पर दागी गई। ईरान के धार्मिक नेता खामनेई



ने कहा कि इजरायल को पछताना पड़ेगा। इसके बाद फिर इजरायल ने ईरान पर हमला किया। देर रात तेहरान में धमाकों की आवाज भी सुनाई पड़ी। पलटवार करते हुए ईरान ने इजरायल पर 150 बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इनमें से छह मिसाइलें राजधानी तेल अवीव में गिरी जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं 63 अन्य घायल हो चुके हैं। गौरतलब है कि ईरान में परमाणु स्थलों को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों के बाद तनाव बढ़ गया है। जानकारी के मुताबिक इस हमले में ईरान के 78 लोगों की मौत हुई है। जबकि 320 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं ईरान के जवाबी हमले पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि उनकी ओर से हमला जारी रहेगा और ईरानी परमाणु स्थल को निशाना बनाया जाएगा। ईरान ने अमेरिका के साथ न्यूक्लियर डील से हटने की घोषणा की है। उधर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से कहा है कि वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम पर अमेरिका के साथ समझौता करे। उन्होंने कहा कि ईरान को समझौता करने के लिए कई मौके दिए, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। आगाह किया कि इजरायल के हमले और भी तेज होते जाएंगे। हमलों के बाद ट्रंप ने कहा कि अब भी समय है कि नरसंहार को रोका जाए। खामेनेई ने एक बयान में कहा कि इजराइल ने हमारे प्यारे देश में अपराध के लिए अपना दुष्ट और खून से सना हाथ फैलाया है, तथा आवासीय केंद्रों पर हमला करके अपनी दुर्भावनापूर्ण प्रकृति को पहले से कहीं अधिक उजागर कर दिया है।

# इजरायली सेना ने नक्शे में कश्मीर को पाकिस्तान और अरुणाचल को चीन दिखाया, 90 मिनट में भारत से मांगी माफी




एजेंसी

इजराइली रक्षा बलों द्वारा ईरान की मिसाइलों की सीमा को दशार्ने वाला मानचित्र जारी करने के एक दिन बाद, जिसमें जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान और पूर्वोत्तर भारत को नेपाल का हिस्सा गलत तरीके से दशार्या गया था, सेना ने शनिवार को माफी जारी की, जिसमें स्पष्ट किया गया कि मानचित्र का उद्देश्य सटीक राष्ट्रीय सीमाओं का प्रतिनिधित्व करना नहीं था। यह माफी इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच जारी गलत मानचित्र पर भारत में भारी आक्रोश के बाद आई है। एक भारतीय अकाउंट द्वारा पोस्ट किए गए पोस्ट का जवाब देते हुए, आईडीएफ ने स्वीकार किया कि मानचित्र ₹सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहा है₹ और स्पष्ट किया कि यह केवल क्षेत्रीय चित्रण के लिए था, आधिकारिक प्रतिनिधित्व नहीं। प्रारंभिक पोस्ट के लगभग 90 मिनट बाद माफी आई। एक पोस्ट में कहा यह पोस्ट क्षेत्र का चित्रण है। यह मानचित्र सीमाओं को सटीक रूप से चित्रित करने में विफल रहता है। इस छवि के कारण हुई किसी भी ठेस के लिए हम क्षमा चाहते हैं। इजरायली सेना भारतीय दक्षिणपंथी समुदाय₹ द्वारा पोस्ट किए गए एक पोस्ट का जवाब दे रही

**विवादास्पद मानचित्र ईरान को वैश्विक खतरे के रूप में पेश करने वाले संदेश के हिस्से के रूप में पोस्ट किया गया था। यह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच आया है, खासकर 7 अक्टूबर को हमास के हमलों के बाद गाजा में इजरायल के चल रहे सैन्य अभियानों के बाद।**

थी, जिसमें लिखा था: अब आप समझ गए होंगे कि भारत तटस्थ क्यों रहता है। कूटनीति में, कोई भी वास्तव में आपका मित्र नहीं है। भारत सरकार ने अभी तक आधिकारिक रूप से कोई जवाब नहीं दिया है। हालाँकि, भारत ने लगातार कहा है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें पाकिस्तान और चीन द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्र शामिल हैं, देश के अभिन्न अंग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस स्थिति को दोहराया। भारत-इजरायल के मजबूत संबंध संवेदनशीलता को रेखांकित करते हैं भारत और इजरायल के बीच मजबूत और बढ़ते संबंधों को देखते हुए यह घटना आश्चर्यजनक है। पीएम मोदी 2017 में इजरायल का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने, जो द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

# 'गाजा हो रहा तबाह, हम मना रहे खुशी'

## यूएनजीए के प्रस्ताव पर भारत ने नहीं किया वोट तो बोली कांग्रेस

**कांग्रेस ने गाजा में शांति स्थापित करने और इजरायल की ओर से किए जा रहे हमले को पूर्ण रूप से रोकने के लिए मतदान से किनारे रहने पर भारत की आलोचना की है .**



एजेंसी

यहूदी देश इजरायल और गाजा के बीच लंबे समय से संघर्ष जारी है. इजरायल लगातार गाजा पट्टी पर हमले कर रहा है. वहीं, इन दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए दुनिया के कई देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र भी कोशिशों में जुटा है. संयुक्त राष्ट्र की महासभा (यूएनजीए) ने गाजा और इजरायल के बीच स्थापित करने के लिए एक प्रस्ताव भी तैयार किया है.

यूएनजीए के इस प्रस्ताव पर दुनिया के 149 देशों ने समर्थन में वोट किया है, जबकि भारत उन 19 देशों में एक है, जिसने प्रस्ताव के लिए वोटिंग से दूरी बनाई. हालांकि, गाजा को लेकर भारत सरकार के इस रुख के लिए भारत की मूल विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सरकार की आलोचना की है. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, पवन खेड़ा, केसी वेणुगोपाल ने केंद्र सरकार के इस फैसले पर आपत्ति जताई और इस कदम को देश की नैतिक कूटनीति और शांति और न्याय के समर्थन करने की नीति के लिए खतरा करार दिया.

### खराब हो चुकी है भारत की विदेश नीति- मल्लिकार्जुन खरगे

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार (14 जून) को एक ट्वीट में कहा कि भारत की विदेश नीति अब खराब हो चुकी है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर ध्यान दें और इसकी जिम्मेदारी लें.उन्होंने कहा, गाजा में सीजफायर स्थापित करने के लिए यूएनजीए के प्रस्ताव पर दुनिया के 149 देशों ने वोट किया है, लेकिन इस प्रस्ताव पर वोट न देकर भारत अब अलग-थलग पड़ गया है. क्योंकि भारत उन 19 देशों में शामिल है, जिन्होंने वोटिंग से खुद को दूर रखा है.

### नेतन्याहू गाजा को तबाह कर रहे और हम खुशी मना रहे हैं- प्रियंका गांधी वाड्रा

वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारत सरकार के इस फैसले को शर्मनाक और निराशाजनक कहा है. उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम एंटी-कोलोनियल लेगेसी के विपरीत है.

# कन्नौज के पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव का निधन, अखिलेश यादव ने दी श्रद्धांजलि

**सपा प्रमुख यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सहकारिता आंदोलन के पुरोधा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और कन्नौज से कई बार सांसद एवं छिबरामऊ से विधायक रहे श्री छोटे सिंह यादव जी का निधन, अत्यंत दु:खद है।**



एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक सदस्य एवं कन्नौज लोकसभा सीट से तीन बार के सांसद रहे छोटे सिंह यादव का लंबी बीमारी के बाद लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।छोटे सिंह यादव के निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट पर वर्ष 1980, 1989 और 1991 में जीत दर्ज की थी। कुछ दिनों पहले ही कन्नौज से सपा सांसद अखिलेश यादव ने अस्पताल पहुंचकर छोटे सिंह यादव से मुलाकात की और उनके उपचार की जानकारी ली थी।सपा प्रमुख यादव ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सहकारिता आंदोलन के पुरोधा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और कन्नौज से कई बार सांसद एवं छिबरामऊ से विधायक रहे श्री छोटे सिंह यादव जी का निधन, अत्यंत दुःखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। यादव ने कहा, शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं।

# ग्राहकों से वादा कर टाइम पर फ्लैट की पजेशन न देना पड़ेगा बहुत महंगा

## सुप्रीम कोर्ट ने बिल्डर्स को दिया आदेश

**सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि डेवलपर्स खरीदारों द्वारा अपने घरों के वित्तपोषण के लिए लिए गए व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। फैसले में, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि डेवलपर्स को घर खरीदारों को देरी या डिलीवरी न होने की स्थिति में ब्याज सहित मूल राशि वापस करनी होगी।**

एजेंसी

वो बिल्डर्स जो ग्राहकों से वादा करने के बाद भी वक्त पर फ्लैट की डिलीवरी नहीं देते हैं। उन्हें अब ये बहुत महंगा पड़ने वाला है। ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमएडीए) बनाम अनुपम गर्ग एवं अन्य के मामले में हाल ही में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि देरी या डिलीवरी न होने की स्थिति में डेवलपर्स को पीड़ित घर खरीदारों को ब्याज सहित मूल राशि वापस करनी होगी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि डेवलपर्स खरीदारों द्वारा अपने घरों के वित्तपोषण के लिए लिए



गए व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। फैसले में, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि डेवलपर्स को घर खरीदारों को देरी या डिलीवरी न होने की स्थिति में ब्याज सहित मूल राशि वापस करनी होगी।

### उपभोक्ता अदालत ने क्या फैसला दिया था

जस्टिस संजय करोल और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने पिछले सप्ताह मोहाली के सेक्टर 88 में जीएमएडीए के ह्यपूरब प्रीमियम अपार्टमेंट प्रोजेक्ट से उपजे विवाद में यह फैसला सुनाया। खरीदार अनुपम गर्ग और राजीव कुमार ने 2012 में 2-बीएचके फ्लैट बुक किए थे और क्रमशः ?50.46 लाख और ?41.29 लाख जमा किए थे। उन्हें लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) के तहत मई 2015 तक कब्जा देने का वादा किया गया था, जिसमें देरी होने पर 8% ब्याज के साथ रिफंड का आश्वासन भी दिया गया था। धीमी प्रगति और वादा किए गए लेआउट और सुविधाओं से बड़े विचलन का हवाला देते हुए, खरीदारों ने 2016 में रिफंड की मांग की। जब ॠटअऊअ ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने पंजाब राज्य उपभोक्ता आयोग का रुख किया।

## संक्षेप

### आयकर जागरूकता संगोष्ठी सम्पन्न

**व्यापारियों को नए टैक्स स्लैब और एडवांस टैक्स की अधिकारी ने दी जानकारी**

सुलतानपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में एक निजी होटल में आयकर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कसौधन ने कार्यक्रम का संयोजन किया। प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी मुख्य अतिथि और आयकर अधिकारी आरके गौतम मुख्य वक्ता थे। आयकर अधिकारी आरके गौतम ने व्यापारियों को पुराने और नए टैक्स स्लैब की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एडवांस टैक्स की चार किस्तें 15 जून, 15 सितंबर, 15 दिसंबर और 15 मार्च को जमा करनी होती हैं। नए टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं है। हालांकि, आय 12 लाख से अधिक होने पर छूट की सीमा 4 लाख रुपये तक ही मान्य होगी। अधिकारी ने टीडीएस नियम और कैपिटल गेन की छूट की भी जानकारी दी। गिफ्ट टैक्स की शर्तें और अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय में सरकारी मूल्य और वास्तविक मूल्य के अंतर पर कर की देयता को भी समझाया। प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ हैं। वे जीएसटी और आयकर के रूप में सरकार को राजस्व देते हैं।

### नाबालिग लड़की का अपहरण

**15 साल की छात्रा को आरोपी कृष्णा और उसके 5 साथियों ने किया अगवा, मां ने दर्ज कराया केस**

सुलतानपुर, धम्मौर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। लड़की की मां ने अपनी 15 वर्षीय बेटी के अपहरण की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। मां के अनुसार उनकी बेटी कक्षा 9 की छात्रा है। आरोप है कि अमेठी जिले के पीपरपुर थानाक्षेत्र के मोचवा गांव कृष्णा मिश्रीलाल का रिश्तेदार है। उसने अपने साथियों की मदद से छात्रा का अपहरण किया है। पीड़िता की मां के मुताबिक, मिश्रीलाल के बेटे सुभाष, शैलेष, किशन और सोनू ने भी अपहरण में कृष्णा की मदद की है। बताया जा रहा कि अपहरण के बाद आरोपी कृष्णा ने इंस्टाग्राम पर संदेश भी भेजा था। मां रात से ही अपनी बेटी की तलाश करती रही, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। शिकायत में आरोपी कृष्णा और सोनू के मोबाइल नंबर भी दिए गए हैं।

### चौथी बार में नीट परीक्षा में मिली सफलता

**हनुमानगंज के दीपांशु ने ओबीसी कैटेगरी में हासिल की 2559 रैंक**

सुलतानपुर, भदैया विकासखंड के हनुमानगंज निवासी दीपांशु जायसवाल ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। दीपांशु ने ओबीसी श्रेणी में 2559वीं रैंक हासिल की है। यह उनका चौथा प्रयास था। दीपांशु ने सेंट जेवियर्स विद्यालय, सुल्तानपुर से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने हाई स्कूल में 86% और इंटरमीडिएट में 87% अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट के बाद डॉक्टर बनने की इच्छा से उन्होंने 2022 में कोटा के एलेन कोचिंग में प्रवेश लिया।

# राजगीर की हत्या, आंख निकली

## करछना में शराब ठेके के पास मिला शव, परिवार के लोगों ने कहा- हत्या की गई

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

प्रयागराज, राजगीर की हत्या का मामला सामने आया है। सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो घरवालों को सूचना दी। वहीं सूचना पर पुलिस भी पहुंची। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घरवालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पूरी वारदात करछना के कैथी बाजार के पास की है।

बृजेश कुमार करछना के बरदहा गांव का रहने वाला है। वह राजगीर का काम करता था। परिवार के लोगों ने बताया- बृजेश घर से काम करने के लिए निकला था।

लेकिन शाम तक नहीं लौटा। घरवालों ने काफी तलाश की तो उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। बृजेश का शव करछना के कैथी बाजार में देशी



शराब के ठेके के पीछे पड़ी होने की सूचना मिली। राजगीर बृजेश के परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटे और दो बेटियां है। वह गांव में ही रहकर राजगीर का काम करता था। शुक्रवार को वह घर से निकला था। दोपहर में शराब के ठेके के पास से पानी की बोतल खरीदते देख गया था। घटना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक का शव पेट के बल पर पड़ा हुआ था।

उसके कान के नीचे के हिस्से को कुतर दिया गया था। दोनों आंखें भी बाहर निकल आई थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि सिर पर किसी भारी चीज से हमला किया गया है। जिससे उसकी मौत हो गई।

करछना इंस्पेक्टर अनूप सरोज ने बताया- शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है कि किस चीज से मारा गया है। घरवालों की तहरीर के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला साफ हो सकेगा।

# डंपर सवारियों से भरी ऑटो पर गिरा

## बालू उतारते समय हुए हादसा, तीन लोगों की मौके पर मौत, दो घायल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

प्रयागराज, हंडिया कोतवाली क्षेत्र के सैदाबाद इलाके में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। बालू उतारते समय एक डंपर बेकाबू होकर पास से गुजर रहे टैंपो पर पलट गया। इसमें मौके पर ही तीन लोगों की मौत होने की जानकारी मिल रही है। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। टैंपो में कुल आठ लोग सवार थे। हादसा दोपहर में हुआ। वाराणसी-प्रयागराज हाईवे पर सिरसा मोड़ के पास हाइड्रोलिक से बालू नीचे गिराते समय डंपर टेंपो पर पलट गया। घटना के बाद चीख पुकार मच गई है। जेसीबी की मदद से डंपर को उठाया गया। इसके बाद नीचे टेंपो में दबे लोगों को बाहर किया गया। इसमें तीन की मौके पर ही मौत होने की बात कही जा रही है। तीन अन्य घायल हैं, जबकि हादसे में टेंपो में सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। टेंपो में चालक समेत कुल आठ लोग सवार थे। हादसा



सैदाबाद निवासी पवन मिश्रा के मकान निर्माण स्थल के पास हुआ। डंपर से बालू उतारते समय जमीन समतल न होने के कारण वह सड़क पर जा रही ऑटो पर पलट गया। ऑटो में करीब 5-6 लोग सवार थे। हडिया थाना क्षेत्र के गणेशीपुर निवासी कुंवर तिवारी अपनी पत्नी नेविरता तिवारी (40) और 5 वर्षीय बेटे यश के साथ ऑटो से सिरसा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सिरसा रोड पर एक मकान के निर्माण स्थल पर बालू उतार रहे डंपर ने संतुलन खो दिया। डंपर ऑटो पर पलट गया, जिससे ऑटो में सवार 6 लोग बालू में दब गए। हादसे में नेविरता तिवारी, यश तिवारी और गणेशीपुर निवासी राजमणि गुप्ता (75) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में जय प्रकाश बिंद, सिया राम और राजन निषाद शामिल हैं। तीनों बडौली, थाना हंडिया के रहने वाले हैं। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अवैध हथियार के साथ युवक धरा गया




**जामो पुलिस ने 25 वर्षीय आरोपी से 315 बोर का तमंचा और कारतूस किया बरामद**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अमेठी जिला, पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। जामो थाना पुलिस ने 14 जून को क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार अंकित कुमार को पकड़ा। वह उपाध्याय का पुरवा मजरे कटारी का रहने वाला है। आरोपी की तलाशी में पुलिस को एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर मिला। पुलिस ने आरोपी से उसकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के कागजात मांगे।

लेकिन वह दिखा नहीं सका। क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में जामो पुलिस अब इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में की गई है।

# अमेठी में योग दिवस की तैयारी

## वृद्धजनों ने सीखे योगासन और प्राणायाम, स्वास्थ्य टिप्स भी दिए गए

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अमेठी जिला, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले अमेठी के गौरीगंज में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कौहार के योग वैलनेस सेंटर की ओर से वृद्ध जन आवास में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी के निदेशक हरिकेश चौरसिया के निर्देश पर यह कार्यक्रम हुआ। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी और नोडल अधिकारी डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया। योग प्रशिक्षक राजेश कुमार दुबे और योग सहायक राजमोहन ने वृद्धजनों को विभिन्न योगासन सिखाए। इनमें ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन और अर्ध चक्रासन शामिल थे। साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम और




भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास भी कराया गया। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम के तहत वृद्धजनों को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसमें ध्यान, आहार-विहार, दिनचर्या और घरेलू उपचार शामिल थे। नेचुरोपैथी और एक्यूप्रेशर की जानकारी भी दी गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का माध्यम है। यह नई पीढ़ी को स्वस्थ भारत की दिशा में प्रेरित करता है। कार्यक्रम में व्यवस्थापक राजेश सिंह, सुधांशु सिंह और प्रेम शंकर द्विवेदी सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# छात्रा पर हमले का केस 4 महीने से लटका

**सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी पुलिस नहीं पकड़ पाई आरोपी, एसपी ने मांगी रिपोर्ट**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

सुलतानपुर, सेमरी बाजार में 7 फरवरी को एक छात्रा पर हुए चाकू से हमले के मामले में पुलिस अभी तक आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है। राज मान्टेसरी इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट छात्रा अलकृता सिंह स्कूल बस से उतरकर घर जा रही थी। हरिहरपुर गांव के पास दो नकाबपोश बाइक सवार उसके पास आए। पीछे बैठे व्यक्ति ने चाकू से छात्रा के गले पर वार किया। छात्रा ने सतर्कता दिखाते हुए खुद को पीछे कर लिया। इससे चाकू सीधे गले पर नहीं लगा और केवल उसका ब्लेजर कट गया। हमलावर छात्रा को जान से मारने की धमकी देकर विरमलपुर की तरफ भाग गए। पीड़िता के पिता संजय कुमार सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थाना जयसिंहपुर के उप-निरीक्षक अविनाश चंद्र मामले की जांच कर रहे हैं। चार महीने तक कोई



कार्रवाई न होने पर 8 जून को समाधान दिवस में एसपी से शिकायत की गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह से रिपोर्ट मांगी। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पुलिस साक्ष्य जुटा रही है और जल्द ही गुण-दोष के आधार पर मामले का निस्तारण किया जाएगा।

# पैरोकारों को एसपी ने किया सम्मानित

## 283 मामलों में 422 अपराधियों को मिली सजा, संग्रामपुर थाना अव्वल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अमेठी जिला, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक ने न्यायालय पैरोकारों के साथ गोष्ठी की। यह बैठक उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के आपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत आयोजित की गई। समीक्षा में पाया गया कि प्रभावी पैरवी से 283 मामलों में 422 अभियुक्तों को सजा मिली।

इनमें संग्रामपुर थाना प्रथम स्थान पर रहा, जहां 74 मामलों में 131 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। गौरीगंज थाना दूसरे स्थान पर रहा, जहां 61 मामलों में 78 अभियुक्तों को सजा मिली। पीपरपुर थाना तीसरे स्थान पर रहा, जहां 33 मामलों में 46 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। एसपी ने सफल पैरोकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कम सजा दिलाने



वाले पैरोकारों को लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी का निर्देश दिया गया। उन्होंने गवाहों को समय पर न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया। साथ ही, लंबे समय से हाजिरी में चल रहे मामलों में सम्मन, एनबीडब्ल्यू और कुर्की की कार्यवाही करने को कहा। गोष्ठी में पैरवी रजिस्टर को अद्यतन रखने और किसी असुविधा पर मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन से सहयोग लेने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक श्री दिनेश मिश्र, प्रभारी मॉनिटरिंग शाखा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# फाइनेंस कर्मियों को लूटने वाले 5 आरोपी अरेस्ट

## अलीगढ़ के हरदुआगंज में की थी 13.49 लाख की लूट

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अलीगढ़, अलीगढ़ के हरदुआगंज थाने में कासगंज के लुटेरों ने फाइनेंस कर्मियों के साथ लूट की थी। आरोपियों ने पहले दोनों की रेकी की थी और फिर सूनसान जगह देखकर उन्हें लूट लिया था। घटना के 10 दिन बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से लूट का माल भी बरामद किया है। एसपी ग्रामीण अमृत जैन और सीओ अतरौली राजीव द्विवेदी ने लूट की घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पीड़ितों की जानकारी उनके ही साथ के फाइनेंस कर्मी ने आरोपियों को दी थी। पिछले कई दिनों से आरोपी फाइनेंस कर्मियों के पीछे लगे थे और घटना वाले दिन मौका देखकर उन्होंने लूट की थी।



पुलिस शनिवारा को सभी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज रही है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के दोदपुर दनियाल अपार्टमेंट निवासी शाहीन अख्तर पत्नी सलीम के साथ 3 जून की रात लगभग 10:30-11 बजे के बीच हरदुआगंज थाना क्षेत्र में लूट हुई थी। घटना के बाद पीड़िता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि वह प्राइवेट बैंकों के लिए कलेक्शन वसूलने का काम करती थी। घटना के दिन वह कई बैंकों के लिए वसूले हुए रुपए लेकर अपने साथी के साथ वापस आ रही थी। तभी आरोपियों ने उसके पास से 13 लाख 49 हजार 907 रुपए लूट लिए थे। हथियार के बल पर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों ने प्री-प्लान तरीके से घटना को अंजाम दिया था। पहले आरोपियों ने बाइक और बुलेरो कार से फाइनेंस कर्मियों का पीछा किया। फिर सूनसान जगह देखकर उन्हें पीछे से टक्कर मारी और जमीन गिरा दिया। इससे पहले कि दोनों संभल पाते, पीछे से बाइक से आए तीन बदमाशों ने हथियार के दम पर उनका रुपयों से भरा बैग छीन लिया था और मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि पीड़ित फाइनेंस कर्मियों के साथ काम करने वालों ने ही आरोपियों को सारी सूचना दी थी। फाइनेंस कर्मी कितने बजे ऑफिस से निकलते हैं और उनके पास कितने रुपए हैं। इस तरह की सारी जानकारी दी थी।

जिसके बाद आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने लूट करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बीएमडब्ल्यू कार डिवाइडर से टकराकर पलटी

## 17 साल के किशोर की मौत, 3 युवक घायल; नोएडा से आगरा लौट रहे थे सभी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

मथुरा, यमुना एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 74 के पास एक सड़क हादसा हुआ। बीती रात करीब 3 बजे एक इटह रवश कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार में सवार चार युवकों में से एक की मौत हो गई। नोएडा से आगरा जा रहे इन युवकों की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर



से टकरा गई। नोहझील थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे चारों युवकों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में अलीगढ़ निवासी 17 वर्षीय ईशान की उपचार के दौरान मौत हो गई। आगरा के पुष्पांजलि धाम कॉलोनी शाहगंज के तीन अन्य घायल युवक राहुल (24), ज्ञानेश (23) और वैभव (25) हैं। वैभव की हालत गंभीर होने के कारण उसे आगरा रेफर किया गया। अन्य दो का मथुरा के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन

## जिलाध्यक्ष बोले- मोदी सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं का कर रही राजनीतिकरण

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



सुलतानपुर, कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा स्तरीय 'संविधान बचाओ सम्मेलन' का आयोजन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, जिले के कोऑर्डिनेटर अर्जुन पासी, उज्जवल शुक्ला और शहर कॉर्डिनेटर संदीप त्रिपाठी समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि मोदी सरकार संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं का राजनीतिकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित है। कोऑर्डिनेटर अर्जुन पासी ने भाजपा पर संविधान विरोधी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उज्जवल शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी देशभर में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन कर रही है। वे गरीबों, दलितों की आवाज उठा रहे हैं।

# आरोग्य मंदिर बड़गांव का वर्चुअल मूल्यांकन

## गुजरात-बिहार के विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अमेठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़गांव का नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स के तहत मूल्यांकन किया गया। शनिवार को गुजरात और बिहार के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने वर्चुअल माध्यम से अस्पताल की सेवाओं का आकलन किया। विशेषज्ञों ने कई महत्वपूर्ण सेवाओं की समीक्षा की।

इनमें प्रसव पूर्व सेवाएं, गैर संचारी




रोग, गृह आधारित नवजात देखभाल और नियमित टीकाकरण शामिल थे। साथ ही संचारी रोग नियंत्रण, मौखिक स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन सेवाएं और परिवार नियोजन सेवाओं का भी निरीक्षण किया गया। मूल्यांकन में विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया। टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया, स्टाफ का साक्षात्कार लिया और रिकॉर्ड की समीक्षा की। मरीजों से भी बातचीत कर सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली गई। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह, बीपीएम शंभूनाथ पांडेय और बीसीपीएम तीर्थराज यादव मौजूद रहे। एआरओ संतोष यादव, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर राजेश के साथ सीएचओ, एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी